


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 142

ग्वालियर, सोमवार, 12 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## पबजी और फ्री फायर की लत में छात्र की हत्या

### उज्जैन के छात्र ने टॉपअप कराने के लिए पड़ोसी युवक से 5 हजार रुपए लिए थे, लौटा नहीं पाया तो अपहरण किया, फिर गला दबाकर मार डाला

**उज्जैन।**

उज्जैन के नागदा में पबजी और फ्री फायर गेम की लत एक छात्र की हत्या की वजह बन गई। उसने गेम के टॉपअप के लिए पड़ोसी युवक से 5 हजार रुपए उधार लिए थे। जब रुपए नहीं लौटा सका तो पड़ोसी से झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ा कि पड़ोसी ने छात्र की गला दबाकर हत्या कर दी। उसका क्षत-विक्षत शव शनिवार को मिला था। पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस आरोपी युवक का नाम नहीं बता रही है। पुलिस ने बताया कि शिव कॉलोनी बेरछा रोड के रहने वाले रितेश गुर्जरवाड़िया (17) 11वीं का छात्र था। उसे पबजी और फ्री फायर गेम की आदत थी। रितेश ने गेम के लेवल पार करने के लिए टॉपअप कराया था। इसके लिए पड़ोसी युवक से 5 हजार रुपए उधार लिए थे। रितेश की लाश बिडला ग्राम थाना क्षेत्र में जर्जर पड़ी BCI कॉलोनी में मिली थी।

पुलिस के मुताबिक रितेश शुक्रवार रात 7 बजे घर पर कराटे क्लास जाने की बात कहकर दोस्तों के साथ निकला था। रात करीब 9:30 बजे उसके पिता राधेश्याम गुर्जरवाड़िया के मोबाइल पर रितेश के मोबाइल नंबर से कॉल आया। यह



कॉल करने वाला कोई दूसरा व्यक्ति था। उसने रितेश के अपहरण की बात कहते हुए एक लाख रुपए फिरौती मांगी। इसके बाद परिवार वालों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले में जांच कर रही थी। इस बीच शनिवार शाम को राधेश्याम के मोबाइल पर किसी अननोन नंबर से कॉल आया। कॉलर ने कहा कि 'तुम्हारे बेटे की लाश BCI कॉलोनी में पड़ी है, ले जाओ।' यह सुनकर पिता के होश उड़ गए। वह तुरंत पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। यहां रितेश की क्षत-विक्षत लाश पड़ी थी। एसपी सत्येंद्र शुक्ल ने बताया कि रितेश ऑनलाइन गेम पबजी और फ्री फायर गेम के लेवल पार करने के लिए टॉपअप करवाता था। इसी के लिए उसने पड़ोसी युवक से 5 हजार रुपए उधार लिए थे। वह रुपए नहीं चुका पा रहा था। इसी कारण शुक्रवार रात आरोपी और रितेश के बीच झगड़ा हुआ। आरोपी ने रितेश का गला दबा दिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### आखिरकार ट्विटर झुक गया

## भारत में रेजिडेंट ग्रीवांस ऑफिसर अपॉइंट किया, नए आईटी मंत्री की चेतावनी के तीन दिन बाद ट्विटर ने कानून माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आखिरकार ट्विटर ने भारत के नए आईटी नियमों को मान लिया है। कंपनी ने भारत में अपना रेजिडेंट ग्रीवांस ऑफिसर नियुक्त किया है। ट्विटर ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर बताया है कि उसने विनय प्रकाश को शिकायत अधिकारी बनाया है। सरकार ने 25 फरवरी को नए कानून लागू किए थे। इन नियमों का 3 महीने के भीतर यानी 25 मई से पहले पालन किया जाना था, लेकिन ट्विटर ने डेडलाइन खत्म होने के 46 दिन बाद इन नियमों का पालन किया है।

इससे पहले 27 जून को ट्विटर इंडिया के अंतरिम शिकायत अधिकारी धर्मेंद्र चतुर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इनकी नियुक्ति कुछ हफ्ते पहले ही ट्विटर इंडिया ने नए आईटी नियमों के पालन के लिए की गई थी। नए आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने 8 जुलाई को अपना मंत्रालय संभाला था। इसके तुरंत बाद उन्होंने सबसे पहले ट्विटर को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि देश का कानून सबसे ऊपर है और ट्विटर को इसे लागू करना ही होगा। दरअसल, मंत्रिमंडल विस्तार से पहले आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंत्रालय से इस्तीफा दे दिया था। माना जा रहा है कि नए आईटी कानून को लेकर रविशंकर प्रसाद सोशल मीडिया कंपनियों के सामने देश की साख बचाने में नाकाम रहे और इसी वजह से उनकी मंत्रालय से विदाई हुई। दिल्ली हाईकोर्ट और



### कानून न मानने की वजह से लीगल शील्ड खोई

**इससे पहले नए कानून न मानने की वजह से ही ट्विटर ने भारत में थर्ड पार्टी कंटेंट के लिए लीगल शील्ड को खो दी थी। यानी सरकार की तरफ से उसे कंटेंट को लेकर किसी तरह की सुरक्षा नहीं दी जाएगी। आसान शब्दों में कहा जाए तो अब ट्विटर के ऊपर आईपीसी की धाराओं के तहत कार्रवाई हो सकती है। अब जब उसने कानून मानना शुरू कर दिया है, ऐसे में सरकार इस पर दोबारा विचार कर सकती है।**

संसदीय समिति ने ट्विटर से साफ शब्दों में कहा था कि देश का कानून सबसे ऊपर है और उसे मानना ही होगा। संसदीय समिति ने ट्विटर से पूछा था कि क्या आप भारत के कानून का पालन करते हैं? इस पर ट्विटर ने कहा था कि हम अपनी पॉलिसी को फॉलो करते हैं, जो देश के कानून के अनुसार है। इस दलील पर समिति ने आपत्ति जताते हुए कंपनी से तल्ख लहजे में कहा था कि हमारे यहां देश का कानून सबसे बड़ा है, आपकी पॉलिसी नहीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी कहा था कि अगर ट्विटर कानून नहीं लागू करता है तो उसे किसी तरह की सुरक्षा नहीं दी जा सकती।

### रविशंकर विवाद के बाद ट्विटर पर पांच केस

25 जून को ट्विटर ने तब के आईटी मिनिस्टर रविशंकर प्रसाद का अकाउंट एक घंटे के लिए ब्लॉक कर दिया था। तब ट्विटर ने अमेरिकी कॉपी राइट एक्ट का हवाला दिया था। इसका सरकार ने विरोध किया। इसके बाद ट्विटर पर 5 केस दर्ज किए गए, क्योंकि उसने नए आईटी कानूनों का पालन न करके अपनी लीगल शील्ड खो दी है। सरकार की तरफ से उसे कंटेंट को लेकर किसी भी तरह की सुरक्षा नहीं दी जाएगी। ट्विटर के ऊपर आईपीसी की धाराओं के तहत कार्रवाई हो सकती है। इस स्थिति के लिए ट्विटर खुद ही जिम्मेदार है।

1. गाजियाबाद पुलिस ने मुस्लिम बुजुर्ग से मारपीट और अभद्रता के मामले में ट्विटर के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज की थी।
2. देश का गलत झंडा दिखाने पर बुलंदशहर में मामला दर्ज किया गया।
3. देश का गलत झंडा दिखाने पर मध्य प्रदेश की साइबर सेल में केस दर्ज किया गया।
4. चाइल्ड पोर्नोग्राफिक कंटेंट के मामले में दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने केस दर्ज किया। ये राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की शिकायत पर दर्ज किया गया।
5. हिंदू देवी को लेकर ट्विटर के प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कंटेंट को लेकर दिल्ली में केस दर्ज।



### आसमानी कहर

## प्रयागराज में गिरी बिजली सास-बहू समेत 12 की मौत, कई लोग झुलसे

**प्रयागराज।**

*मूसलाधार बारिश के दौरान गिरी बिजली रविवार को जिले में कई जिंदगियों के लिए काल बन गई। चपेट में आने से अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कुल 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें सोरांव की रहने वाली सास-बहू भी शामिल हैं। मृतकों में से कोई खेतों में काम करते वक्त तो कोई घर लौटते वक्त हादसे का शिकार हुआ। उनके परिवारों में कोहराम मचा है। सोरांव के रहाइसपुर मलाक बेला गांव में धान की रोपाई करते समय गीता देवी (32) पत्नी वीरेन्द्र कुमार और उसकी सास मालती देवी(55) पत्नी चौबे लाल की मौत हो गई। इसी तरह कोरांव महुली गांव में राम मूरत मिश्रा (58) पुत्र विंद्रा प्रसाद मिश्र, भगेसर गांव में बकरियां चराने गए रामराज (15) पुत्र छैलबिहारी हरिजन, पुष्पेंद्र कुमार (11) पुत्र राजेश कुमार हादसे का शिकार हुए।*

## अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए जनसंख्या नियंत्रण जरूरी: शरद पवार



**मुंबई।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्तावित जनसंख्या नियंत्रण विधेयक के मसौदे के मद्देनजर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा देश की अर्थव्यवस्था की बेहतरी, निरंतरता और लोगों की खुशहाली के लिए जनसंख्या को नियंत्रित करने की जरूरत है। पवार के इस बयान से साफ है कि जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में और पार्टियों में भी माहौल तैयार हो सकता है। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर पवार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था, सकल राष्ट्रीय आय, स्वस्थ जीवन स्तर और संतुलित वातावरण को बनाए रखने के लिए जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दूर-दूर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हर जागरूक नागरिक को जनसंख्या नियंत्रण में योगदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहिए।

## दहेज प्रताड़ना के आरोपित पति पर चलेगा हत्या का मुकदमा

### लड़की के पिता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**नई दिल्ली।**

दहेज प्रताड़ना के आरोपित पति पर हत्या का भी मुकदमा चलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने लड़की के पिता की याचिका पर हत्या का मुकदमा रद करने का हाई कोर्ट का आदेश खारिज कर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट को पुनरीक्षण शक्ति का इस्तेमाल उन मामलों में नहीं करना चाहिए जिसमें आइपीसी की धारा 302 में लगे अतिरिक्त आरोपों पर ट्रायल चल रहा हो और अभियोजन पक्ष के सभी गवाहों का परीक्षण हो चुका हो। यह आदेश जस्टिस आरएफ नारिमन, केएम जोसेफ और बीआर गवई की पीठ ने दिया। राजस्थान भरतपुर के



इस मामले में लड़की का शव फांसी पर लटका मिला था। पति पर दहेज प्रताड़ना, चोट पहुंचाने और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा चल रहा था लेकिन सत्र अदालत ने रिकार्ड पर मौजूद साक्ष्यों को देखते हुए 16 मई 2016 को पति पर आइपीसी की धारा 302 में हत्या का भी अतिरिक्त आरोप तय कर मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। लेकिन हाई कोर्ट ने 10 जनवरी 2018 को पति की पुनरीक्षण याचिका पर सत्र अदालत का धारा 302 में मुकदमा चलाने का आदेश रद कर दिया। गत गुरुवार को याचिकाकर्ता के वकील डीके गर्ग ने बहस के दौरान सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हत्या में ट्रायल शुरू होने के करीब 14 महीने बाद हाई कोर्ट ने सत्र अदालत का 302 में मुकदमा चलाने का आदेश रद किया। हाईकोर्ट ने जब आदेश रद किया तब तक हत्या के ट्रायल में अभियोजन पक्ष के सभी 12 गवाहों के बयान और जिरह हो चुकी थी।

## अर्जेंटीना ने जीता कोपा अमेरिका टूर्नामेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लियोनल मेसी की अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका 2021 जीत लिया है। फाइनल में अर्जेंटीना की टीम ने आर्क राइवल्स ब्राजील को 1-0 से हराया। टीम करीब 28 साल बाद चैंपियन बनी है। पिछली बार उन्होंने यह खिताब 1993 में जीता था। स्टार स्ट्राइकर मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना पहली बार चैंपियन बना है। यह मेसी की पहली इंटरनेशनल ट्रॉफी भी है। एंजल डि मारिया ने 22वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा। 1993 के बाद अर्जेंटीना की टीम 4 बार कोपा अमेरिका के फाइनल और 1 बार वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची। मेसी का यह पहला मेजर टूर्नामेंट (वर्ल्ड कप/कोपा अमेरिका) कप भी है। वहीं, ब्राजील की टीम अब तक 9 बार कोपा अमेरिका जीत चुकी है। इस टीम ने पिछली बार 2019 में कोपा अमेरिका जीता था। फाइनल में दुनिया के 2 बेस्ट फॉरवर्ड नेमार और मेसी आमने-सामने थे। ब्राजील और अर्जेंटीना के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। अर्जेंटीना की ओर से स्टार स्ट्राइकर डि मारिया एंजेल बनकर सामने आए।

उन्होंने 21वें मिनट में गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी और यही गोल



अंत में निर्णायक साबित हुई। ब्राजील ने हालांकि दूसरे हाफ में मैच में वापसी की कोशिशें की। ब्राजील एक गोल से पिछड़ने के बाद अर्जेंटीना पर लगातार काउंटर अटैक कर रहा था। ब्राजील के पास 60 प्रतिशत बॉल पजेशन रहा, लेकिन वह गोल करने में कामयाब नहीं हो पाया। वहीं, अर्जेंटीना के पास 40त्न बॉल पजेशन रहा।

### कोपा अमेरिका टूर्नामेंट का इतिहास

कोपा अमेरिका को COMMEBOL कोपा अमेरिका भी कहा जाता है। इंग्लिश में कोपा अमेरिका का अर्थ है अमेरिकन कप। 1975 तक इसे साउथ अमेरिकन फुटबॉल चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था। यह टूर्नामेंट साउथ अमेरिकी टीमों के बीच खेला जाता है। 1990 के बाद इसमें नॉर्थ अमेरिकी टीमें भी हिस्सा लेने लगीं। यह दुनिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है।

**एडीजी प्रेसवार्ता** — पाक में है इनका आका

## 15 अगस्त के पहले शहरों को दहलाना चाहते थे आतंकी



**लखनऊ।**

यूपी के एडीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि लखनऊ से गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादी अलकायदा समर्थित अंसार गजवातुल हिंद संगठन से जुड़े हुए थे। ये लोग 15 अगस्त से पहले शहरों को दहलाने की योजना बना रहे थे। एटीएस को इनके पास से विस्फोटक बरामद हुआ है। लखनऊ में एटीएस की कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादी अलकायदा समर्थित गजवातुल हिंद संगठन से जुड़े हुए थे। यह संगठन उमर नामक एक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था।

यूपी के एडीजी के अनुसार, अलकायदा समर्थित आतंकी संगठन पेशावर व क्वेटा से संचालित किया जा रहा था।

उन्होंने कहा कि उमर लखनऊ में जेहादी प्रवृत्ति के लोगों को तैयार कर रहा था। उन्होंने बताया कि मिनहाज अहमद और मशीरुद्दीन उर्फ मुशीर इस संगठन के सदस्य हैं। ये लोग 15 अगस्त से पहले शहरों में अलग-अलग जगह धमाके की योजना बना रहे थे। एडीजी ने बताया कि इनपुट के आधार पर मिनहाज के घर से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है। एडीजी ने कहा कि सूचना मिलने पर एक टीम द्वारा मिनहाज अहमद के लखनऊ स्थित घर पर दबिश दी गई तो वह घर पर मिला। उसके घर से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ। एटीएस को उसके घर से एक पिस्टल व आईईडी बरामद हुई। वहीं, प्राप्त हुए आईईडी को बीडीडीएस की मदद से निष्क्रिय कराया जा रहा है।

दूसरी टीम के द्वारा अभियुक्त मशीरुद्दीन के लखनऊ स्थित घर पर दबिश दी गई। उसके घर से भी भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ। एडीजी के अनुसार दोनों अभियुक्तों से एटीएस पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि अन्य टीमों द्वारा इन आतंकवादियों के सहयोगियों की तलाश हेतु अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जा रही है। पूछताछ के दौरान हिरासत में हिए गए अभियुक्तों द्वारा अपने सहयोगियों के घर से भाग जाने की बात कही गई है। जिसके आधार पर एटीएस की टीम इन इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चला रही है।

## कोरोना देश में बीते दिन 41463 संक्रमित मिले

**नई दिल्ली।** देश में शनिवार को कोरोना के 41,463 मामले सामने आए। इस दौरान इतने ही यानी 41,463 मरीजों ने महामारी को मात दी। जबकि 898 लोगों की बीते दिन संक्रमण की वजह से मौत हुई। इस तरह एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 908 की कमी हुई। रिकवरी की बात करें, तो पिछले कई दिनों से कोरोना को मात देने वाले मरीजों की संख्या नए संक्रमितों से ज्यादा रही है। रोजाना औसतन 40 हजार लोग ठीक हो रहे हैं। ऐसे में रविवार को ठीक होने वाले मरीजों का आंकड़ा 3 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद है।देश के 8 राज्यों में पूर्ण लॉकडाउन जैसी पाबंदियां हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु, मिजोरम, गोवा और पुडुचेरी शामिल हैं। यहां पिछले लॉकडाउन जैसे ही कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। देश के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंशिक लॉकडाउन है। यहां पाबंदियों के साथ छूट भी है। इनमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड, असम, मणिपुर, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### कोलारस के हीरापुर-बौलाज में आकाशीय विजली गिरने से युवती की मौत



शिवपुरी। कोलारस पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हीरापुर बौलाज में अपने घर के बाहर सामान उठाने के लिये निकली युवती पर आकाशीय विजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गई घटना रविवार शाम करीब 04 बजे की है जहाँ पूजा पुत्री कप्तान सिंह गुर्जर उम्र करीब 16 वर्ष जो कि अपने घर पर काम कर रही थी उसी दौरान बिजली की आबाज सुनकर युवती घर का सामान उठाने के लिये जैसे ही बाहर निकली आकाशीय विजली गिरने से युवती की दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद परिजन युवती को कोलारस स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये जहां चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया पुलिस एवं चिकित्सक, प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण युवती का पीएम रविवार को नहीं हो सका परिजनों का कोलारस स्वास्थ्य केन्द्र एवं घर पर बुरा हाल था किन्तु समय का हवाला देते हुये युवती का पीएम रविवार को नहीं हो सका।

### तांत्रिक ने पति को लौंग वा नींबू लाने भेजा और उसकी पत्नी से कर दिया बलात्कार

**शिवपुरी।** महिला संबंधी रोग का इलाज कराने महिला अपने पति के संग डामरौनकलां गांव गई थी दिनारा थाने के डामरौनकलां में एक तांत्रिक ने झा? फूंक कराने पति के संग आई महिला के संग गलत काम कर दिया। तांत्रिक ने पति को लौंग व नींबू लाने के लिए भेज दिया था। अकेली पाकर पत्नी के संग व्यभिचार कर दिया। पुलिस ने पी?ता की रिपोर्ट पर तांत्रिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जुगया गांव की रहने वाला व्यक्ति अपनी 24 साल की पत्नी को महिला संबंधी रोग के चलते इलाज कराने डामरौनकलां गांव लाया था। बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर 12 बजे तांत्रिक जितेंद्र जाटव निवासी डामरौनकलां ने महिला के पति को नींबू और लौंग लाने के लिए भेज दिया। इधर घर में 24 साल की उसकी पत्नी अकेली रह गई। अकेलेपन का फायदा उठाकर जितेंद्र जाटव ने महिला के साथ दुष्कर्म कर दिया। पति के आने के बाद उसको साथी घटना बताई। इसके बाद दोनों पति-पत्नी दिनारा थाना पहुंचे जहां पुलिस ने पी?ता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर मामला विवेचना में ले लिया है

### आपकी आवाज राष्ट्रीय संगठन का 51वां रक्तदान शिविर हुआ सम्पन्न

**संगठन के कोषाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर हुआ आयोजित**

**शिवपुरी।** सामाजिक, रचनात्मक व देशप्रेम को समर्पित आपकी आवाज राष्ट्रीय संगठन का 51वां रक्तदान शिविर सम्पन्न हुआ जिसमें 31 युवा युवतियों ने रक्तदान किया। आपकी आवाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजनारायण रूसिया व संगठन के पिछोर ब्लॉक अध्यक्ष सुशील शर्मा के जन्म दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ पिछोर एस डी एम साहब श्री राजन नाडिया जी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पिछोर सी एम ओ राघवेन्द्र पालिया, पिछोर बी एम ओ संजीव वर्मा, डॉ ब्रह्मतीर्थ चतुर्वेदी, महिला शक्ति संगठन से पूनम राजौरिया, पिछोर युवा कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पाराशर, ग्राम पंचायत ढला सरपंच अजय मिश्रा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन के सेवादार साकेत पुरोहित ने किया।



# उड्डयन मंत्री बनते ही ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश से 8 फ्लाइट्स को दी मंजूरी





शिवपुरी।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उड्डयन मंत्रालय का प्रभार संभालने के बाद सबसे पहली सौगात मध्यप्रदेश के निवासियों को दी है। प्रदेश के लिए आठ नई फ्लाइट स्वीकृत की गई है। खास बात यह है कि इसमें ग्वालियर चंबल अंचल के निवासियों को भी तीन नई फ्लाइट मिली है। अब ग्वालियर अहमदाबाद, जबलपुर, पुणे और मुंबई से हवाई सेवा से जुड़ जाएगा। ग्वालियर-चंबल अंचल प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में एयर कनेक्टिविटी के मामले में काफी पीछे है। यहां से वर्तमान में बैंगलुरू, जम्मू, हैदराबाद, नई दिल्ली, कोलकाता के लिए हवाई सेवा उपलब्ध है। ऐसे में में लंबे समय से शहरवासी मुंबई, पुणे के लिए हवाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। सिंधिया भी इसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर भी इसके लिए कई बार पत्र लिखकर मांग कर चुके थे। अब जब सिंधिया को नागरिक उड्डयन मंत्रालय का प्रभार मिला तो सबसे पहले उन्होंने अपने गृह राज्य मध्यप्रदेश को आठ नई फ्लाईट की सौगात दी है। इसमें ग्वालियर-अहमदाबाद, ग्वालियर-पुणे, ग्वालियर-जबलपुर, ग्वालियर-मुंबई फ्लाइट भी शामिल हैं। ऐसे में अब ग्वालियर इन चार शहरों से भी हवाई सुविधा से जुड़ गया है। भरतीय जनता पार्टी के विशेष अमंत्रित सदस्य विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की ग्वालियर की हवाई सेवा को नई उड़ान मिलने से ग्वालियर चंबल अंचल में पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि अब तक यहां से गिने चुने शहरों से ही हवाई कनेक्टिविटी थी, जिसके कारण पर्यटक यहां कम ही स्टे करते थे। अब जबकि यहां से अधिक से अधिक शहरों के लिए हवाई सेवा होगी तो देशी-विदेशी पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में यहां पहुंच सकेंगे।

# उत्कृष्ठ रोड बना रहे ठेकेदार का निकृष्ठ कारनामा, महल कॉलोनी के वाहर अधूरी छोड़ी नाली, दुकानों में भरा पानी

### कई बार कर चुके शिकायत,कोई सुनवाई नहीं, लोक निर्माण विभाग की बड़ी लापरवाही

शिवपुरी।

लोक निर्माण विभाग एजेंसी के माध्यम से शहर में इन दिनों चल रहे उत्कृष्ट रोड के कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा अधूरी नाली छोड़े जाने से दुकानदारों का खासा नुकसान हुआ है। यह दुकानदार पिछले कई दिनों से लगातार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कार्य कर रही एजेंसी के ठेकेदार से इस संबंध में शिकायत कर चुके थे कि नाली अधूरी छोड़ने से बारिश होने पर उन्हें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा लेकिन ना तो लोक निर्माण विभाग ने सुध ली और ना ही ठेकेदार ने। जिसकी वजह से आज हुई बारिश से नाली का गंदा पानी दुकान के अंदर भर गया और दुकानदार का हजारों का सामान खराब हो गया।दुकान संचालक नितिन सिंघल का कहना है कि इस संबंध में वह पीडब्ल्यूडी विभाग के सभी अधिकारियों सहित ठेकेदार से कई बार गुहार लगा चुके थे लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की जिसकी वजह से आज उनका हजारों का नुकसान हो गया नितिन सिंघल ने जिला कलेक्टर सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से पुनः अपील की है कि वह जल्द से जल्द इस अधूरी नाली निर्माण को पूरा करें जिससे वर्षा के चलते जो आज उनका नुकसान हुआ है ऐसा नुकसान दोबारा ना हो।









## मोहना पुलिस ने अवैध बन्दूक, अधिया व 04 कट्टों एवं 04 जिंदा राउण्ड सहित दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी।**



ग्वालियर जिले के पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे के निर्देशानुसार अवैध हथियार रखने वालों व तस्करी करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर देहात जयराज कुबेर ने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को अवैध हथियार रखने वालो व तस्करी करने वाले बदमाशों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित कर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी घाटीगांव प्रवीण अष्ठना के मार्गदर्शन में कार्य करते हुऐ रविवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश हथियारों को बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। जिस पर से मुखबिर के माध्यम से हथियार खरीदने हेतु 50 हजार रूपये में सौदा तय किया गया। तय हुए सौदे के अनुसार हथियारों की डिलेवरी देने हेतु बदमाशों द्वारा मुखबिर को कैमारी के जंगल में बुलाया गया। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर एसडीओपी घाटीगांव के नेतृत्व में थाना मोहना, थाना आरोन थाना घाटीगांव व थाना भंवरपुरा पुलिस बल की टीम बनाई गई। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान कैमारी के जंगल में पहुंची, जहां दो संदिग्ध व्यक्ति मोटर सायकिल पर दिखे, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर धरदबोचा। पकड़े गये दोनों संदिग्धों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 04 कट्टे (315 बोर). 01 अधिया (315 बोर) 01 बन्दूक (315 बोर) मय 03 जिंदा कारतूस 315 बोर) एवं 01 जिंदा कारतूस ( 12 बोर) तथा 01 टीव्हीएस स्पोटर्स मोटर सायकिल जप्त की गई। पकड़े गये बदमाशों के विरूद्ध थाना मोहना में आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर उनसे पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य खुलासा होने की संभावना है।

## सरकार चला रही पौधे लगाने अंकुर अभियान, शहर के बीचों बीच चल रही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई

शिवपुरी।





बीती रात हवाई पट्टी क्षेत्र में काटे गए 5 ब? पे? और कुल्हा?ी लिए मिला वँहा का वन चौकीदार,मामला संदिग्ध मध्य प्रदेश सरकार जहां एक और पूरे प्रदेश में अंकुर अभियान चला बड़े स्तर पर पौधरोपण करना चाहती है वहीं दूसरी ओर जिन पर पेड़ों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है उन्हीं की भूमिका से बरसों पुराने पेड़ों को काटा जा रहा है ऐसा ही एक मामला आज सुबह हवाई पट्टी से लगे हुए वन क्षेत्र से सामने आया जहां बीती रात पांच बड़े पेड़ों को काटा गया है। हवाई पट्टी घूमने आने वाले कुछ लोगों ने जब इन पे?ों को वहां कटा हुआ पाया तो उसकी सूचना वन विभाग को दी इस मामले की खास बात यह है कि जब यह लोग वहां खड़े थे तभी वहां वन विभाग से नियुक्त उसी क्षेत्र का चौकीदार कमल सिंह लोधी कुल्हा?ी लिए हुए घूमता मिला उस से जब पूछा गया कि यह पेड़ कैसे कटे तो वह घबरा गया वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की सूचना दे दी गई है फिलहाल इस मामले में एक बात तो तय है कि इसमें वन विभाग के ही रक्षकों की भूमिका भक्षक के रूप में दिखाई दे रही है।

## रविवार को शिवपुरी में निकले कोरोना पॉजिटिव युवक ने नहीं लगवाई थी वैक्सीन

शिवपुरी।



शासन की तमाम समझाइस के बाद भी लोग नहीं ले रहे सबक,रविवार को शिवपुरी में निकले कोरोना पॉजिटिव युवक ने नहीं लगवाई थी वैक्सीन, पूछने पर बोला सोच विचार में रह गया सर एक ओर शासन लगातार तमाम समझाइश दे रहा है कि कोरोना से बचने का एकमात्र उपाय वैक्सीन है, इसके प्रचार प्रसार के लिए भी शासन तमाम प्रबंध किए हुए हैं इसके बावजूद भी लोग वैक्सीन लगवाने में लापरवाही बरत रहे हैं, इसका ताजा उदाहरण रविवार को निकला कोरोना पॉजिटिव युवक है। शिवपुरी शहर के वार्ड क्रमांक 31 के अशोक विहार कॉलोनी में जो युवक कोरोना पॉजिटिव आया है उसने अब तक कोई भी वैक्सीन नहीं लगवाई थी।इस संबंध में जब उससे पूछा तो उसका कहना था कि वह सोच विचार में रह गया यह मेरी गलती है, उसे आज पछतावा है कि शायद उसने वैक्सीन लगवा ली होती तो वह कोरोना से बच सकता था।शहर की अशोक विहार कॉलोनी का एक युवक आज पॉजिटिव मिला है लंबे अंतराल के बाद कोरोनावायरस जो युवक पॉजिटिव आया है वह शादी समारोह में शामिल हुआ था उसके बाद उसे कुछ लक्षण नजर आए जिसके बाद उसने शनिवार को टेस्ट कराया था जिसकी रविवार को रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई शहरी क्षेत्र के अशोक विहार कॉलोनी के रहने वाले 59 वर्षीय युवक महेंद्र सिंह चौहान रविवार जैसे ही पॉजिटिव आया स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के होश उड़ गए लगातार टेस्टिंग किए जाने के दौर में अब तक कोई मरीज सामने नहीं आया था लेकिन रविवार को अशोक विहार कॉलोनी के युवक महेंद्र जिसने खुद जागरूकता दिखाई और टेस्ट कराने के लिए गए ।

## प्रभारी मंत्री का विधायक व पूर्व विधायक के नेतृत्व में जगह जगह हुआ स्वागत







शिवपुरी।

जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद महेन्द्र सिंह सिसौदिया का बदरवास नगर में प्रथम आगमन पर कोलारस विधायक विरेन्द्र रघुवंशी व पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव समेत पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। बदरवास मंडल की सीमा में प्रवेश करने के बाद मंत्री का अटलपुर से दीगोद तक जोरदार स्वागत किया गया। गाजे-बाजे आदि के साथ पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं ने मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया को फूल मालाओं से लाद दिया। लोगों के स्वागत से अभिभूत मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि जनता ने जो अपार प्यार-दुलार व समर्थन दिया है उस कर्ज को विकास के माध्यम से उतारा जाएगा। जिला विकास के मायने में कहीं से भी अछूता नहीं रहेगा। कार्यकर्ताओं व समर्थकों के स्वागत करने की उम?ी भी? की वजह से तय कार्यक्रम में काफी विलंब हो गया। रास्ते भर में स्वागत करने वालों की वजह से नगर तक पहुंचने में काफी समय हो गया था। इस दौरान पूरे मार्ग पर लोगों का कारवां लगा रहा। इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम,जिला पंचायत अध्यक्ष बैजनाथ सिंह यादव, कोलारस विधायक बीरेंद्र रघुवंशी,पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रवीन्द्र शिवहरे,भाजपा मंडल अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव,महामंत्री शिशुपाल सिंह यादव,कल्याण सिंह यादव बांसखेड़ा,राधेश्याम बंसल,सुरेश सोनी,हितकुमार श्रीवास्तव,रामकुमार चतुर्वेदी,नन्नू सोनी,जगदीश मंगल,नरेंद्र सिंह यादव सरपंच मेघोनाबड़ा,मीडिया प्रभारी विजय शर्मा,दुर्जन सिंह यादव,संजीव यादव दौलतपुर, सुमित यादव दीगोद,राजू यादव बांसखेडा,बल्ली ठेकेदार,दीपू रघवंशी,अंशुल यादव अलावदी,आकाश खटीक,राजेन्द्र ग्वाल आदि मौजूद रहे।

# गोहद के तीन वैक्सीनेशन सेंटरों पर उमड़ी भीड़ में हुई धक्का-मुक्की व झगड़े में 4 वायल टूटे

### प्रशासन ने मामला दबाने का किया प्रयास

### स्वास्थ्य कर्मचारियों से हुई झड़प, मोबाइल, लेपटॉप टूटे, पुलिस ने स्थिति पर पाया काबू

भिण्ड। गोहद क्षेत्र के तीन दिनों वैक्सीनेशन केन्द्रों पर टीकाकरण के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। इंतजार न करने के एवज में कतार में खड़े लोग एक-दूसरे को धक्का मुक्की कर टीका लगवा रहे हैं। जिससे प्रशासन की व्यवस्थाएं चौपट होती दिख रही है। ऐसा ही मामला जिले के गोहद ब्लॉक में तीन जगहों पर उपद्रव होने का सामने आया है। जिसमें हितग्राहियों द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों से धक्कामुक्की की गई और केंद्र में रखे सामान को तोड़ दिया गया। एक केंद्र से वैक्सीन के 4 वायल लूट ले गए। इसमें से एक वायल को कचरे में फेंक कर चले गए। घटना के बाद पुलिस महकमे और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप है। अब पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अफसर एक दूसरे पर मामला टाल रहे है। पुलिस अफसरों का कहना है कि ऐसी घटना हुई थी तो बताना चाहिए था। वहीं, स्वास्थ्य अफसर कह रहे सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है।



गोहद के गंज इलाके में स्थित शासकीय कन्या स्कूल में शनिवार को वैक्सीनेशन चल रहा था। सेंटर पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी उषा मौर्य, राखी वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कांकर और टीकाकरण कर रहे राघवेंद्र गुर्जर सुबह करीब साढ़े दस बजे बैठकर टीकाकरण कर रहे थे। यहां करीब दो सौ से ज्यादा लोग लाइन में लगे थे। लोगों में धक्कामुक्की होने लगी। इस समय कोई सुरक्षा बल मौजूद नहीं थी। पहले वैक्सीन लगाए जाने को लेकर दबाव बनाने लगे। इस पर वैक्सीनेशन रोक दिया गया तो वे लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गए।

भीड़ ने मारपीट शुरू कर दी। दोनों पुरूष कर्मचारी वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद महिला कर्मचारियों ने अपने को कमरे में करीब 30-40 मिनट तक बंद रखा। उपद्रव करने वाले अपने साथ वैक्सीन के चार वायल लूटकर ले गए, जिसमें तीन पैक थे और एक वायरल में से तीन डोज लगाए जा चुके थे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एसके व्यास के मुताबिक एक वायरल, कचरे में ढेर में फेंक गए थे। जिसे कर्मचारियों ने बरामद कर लिया है।

### यहां मोबाइल और लैपटॉप लूटे, फिर वापस कर गए

गोहद के खटाना प्लाजा पर पहली बार वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया। यहां तैनात लक्ष्मी जाटव वैक्सीन लगा रही थी। यहां एक अन्य कर्मचारी के साथ धक्कामुक्की की और मोबाइल और लैपटॉप छीन लिया था। इसके बाद कर्मचारी को वापस कर गए।

### एंडोरी में भी हुई घटना, पुलिस ने दबाया मामला

एंडोरी और बाराहेड पर भी कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना हुई। एंडोरी में एक कर्मचारी अजीत रजक का लैपटॉप, उपद्रवी तो? गए। यहां रजिस्ट्रेशन कर रहे कर्मचारी के चांटे भी मारे। वहीं वैक्सीन लगा रही महिला कर्मचारी ने विरोध किया तो उसे भी धमकाया। जब पुलिस बल पहुंचा तब तक उपद्रवी भाग निकले। इसके बाद पूरे समय पुलिस बल मौजूद रहा। एंडोरी थाना प्रभारी ब्रजमोहन सिंह का कहना है कि मैं स्वयं वैक्सीनेशन सेंटर पर चार घंटे रहा। दोपहर का भोजन वहीं पर लिया। यहां किसी कर्मचारी ने कोई शिकायत नहीं की।

### इनका कहना है

वैक्सीनेशन सेंटर पर उपद्रव होना। वैक्सीनेशन सेंटर पर वायरल लूट की घटना से स्वास्थ्य कर्मियों में दहशत है। SP से मुलाकात कर सुरक्षा की मांग करेंगे।

**डॉ अजीत मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड**

# स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर हड़ताल स्थगित हुई है समाप्त नहीं

भिण्ड। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव उद्यान परिसर में आशा उषा आशा सहयोगिनी संघ की बैठक प्रदेशाध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी कौरव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 100 से भी अधिक आशा व सहयोगी कार्यकर्ता उपस्थित रही प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा बताया गया के अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान 24 जून को राजधानी में विशाल धरना प्रदर्शन हुआ जिसके चलते एनआरएचएम के अधिकारियों एवं मिशन संचालक के साथ प्रशासन की मध्यस्थता में बैठक कराई गई जिसमें नेशनल हेल्थ मिशन संचालक सुश्री छवि भारद्वाज के द्वारा ?10000 आशा कार्यकर्ताओं को देने की बात कही गई लेकिन लिखित में इस प्रस्ताव को देने मैं विलंबऔर टालमटोल होने से संगठन ने दोबारा से 29 जून को मुख्यमंत्री जी के गृह जिले सीहोर से एवं स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले रायसेन से पदयात्रा निकाली जिसे प्रशासन के द्वारा बीच में रोककर पुनः एनएचएम के अधिकारियों से बातचीत करा कर समाधान करने का प्रयास किया और 30 जून को संगठन के नाम लिखित पत्र जारी किया जिसमें गोलमोल भाषा का उपयोग करते हुए वेतन की मांग को छुपाया गया जिसके चलते आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा था उसी बीच स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी जी ने बंगले पर संगठन के पदाधिकारियों और एनएचएम के डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर को बुलाकर सकारात्मक वार्ता में शामिल किया। संगठन ने स्वास्थ्य मंत्री के आग्रह पर सरकार को समय देते हुए हड़ताल स्थगित करना तय किया बताना उचित होगा कि हड़ताल को स्थगित किया गया है ना कि समाप्त मांगे पूरी न होने की दशा में 30 दिवस का समय पूर्ण होते ही आंदोलन पुनः उग्र और प्रभावी रूप से आरंभ होगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और एनएचएम की होगी तब तक संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के द्वारा अपने कार्यस्थल पर पूर्व की भांति प्रत्येक स्वास्थ्य सेवा को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा क्योंकि संगठन का प्रमुख उद्देश्य ही है स्वास्थ्य सेवाओं को शुद्र बनाना और उसके लिए काम करना उसी काम के बदले दाम मांगने वाला यह संगठन जीने लायक वेतन के लिए सक्रिय रुप से कार्यरत है। खंड इकाई मेहगांव की नवीन कार्यकारिणी के गठन पर प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी कौरव के द्वारा शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कार्यकारिणी को लगन निष्ठा एवं पूर्ण इमानदारी से संघर्ष करने की सीख दी गई है खंड इकाई मेहगांव की कार्यकारिणी एवं प्रत्येक आशा सहयोगिनी कार्यकर्ता के द्वारा शपथ लेते हुए कहा कि हम कार्यस्थल पर अपने कार्य को सरकार की मंशा के अनुरूप पूरी लगन और मेहनत के साथ करेंगे और मांग ना पूरी होने की दशा में सरकार के खिलाफ उससे भी अधिक लगन और मेहनत से से अपने आंदोलन को मजबूत बनाएंगे।

## नेशनल लोक अदालत का कार्यक्रम सम्पन्न जिले में सबसे अधिक 101 प्रकरणों का हुआ निराकरण



मेहगांव। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अक्षय कुमार द्ववेदी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एवं अशोक गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव जिला भिंड म.प्र. के द्वारा न्यायिक तहसील मेहगांव में 10 जुलाई 2021 को नेशनल लोक अदालत का प्रातः काल 10:30बजे शुभारंभ किया गया जिसमें अशोक कुमार गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फूलो से सुसज्जित कर माला को माँ सरस्वती पर अर्पण कर उक्त नेशनल लोक अदालत भव्य शुभारंभ किया गया उसी क्रम में मेहगांव न्यायालय के न्यायाधीश गण राकेश कुमार कुशवाह सन्ध्या गर्ग मुकेश कुमार कोरी एवं अभिभाषक गण अध्यक्ष सुरेश शर्मा सचिव अजमेर सिंह नरवरिया सह सचिव दिलीप चौधरी एवं अधिवक्ता गण न्यायलय कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाएः श्री परमार



भिण्ड। वसुंधरा श्रृंगार युवा मंडल के तत्वाधान में ग्राम भटमासपुरा में नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पर स्थित छठवीं नक्षत्र वाटिका में श्रमदान कर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भारत विकास परिषद के कोषाध्यक्ष एवं स्म्ब् मुख्य बीमा सलाहकार श्री रामवीर परमार ने कहा कि मानव जन्म की पहली सांस जो लेता है वह हमें पेड़ों से ही प्राप्त होती है और अंतिम समय तक हम पेड़ों से प्राप्त संसाधनो का ही उपयोग करते हैं तो हम मानव का दायित्व पर्यावरण और प्रकृति का संरक्षण करना का भी होना चाहिए एवं प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे। वसुंधरा श्रंगार युवा मंडल के नक्षत्र वाटिका प्रभारी धर्मवीर यादव ने कहा कि हमारे संगठन का क्षेत्र में 108 नक्षत्र वाटिकाओं का जो संकल्प है। पर्यावरण एवं आध्यात्मिक दोनों रूप से लाभकारी होगाए नक्षत्र वाटिका में जिन पौधों का रोपण किया जाता है वह 27 नक्षत्र के अलग-अलग पौधे होते हैं और उनका अपना-अपना औषधि गुण है इसके अलावा दुर्लभ प्रजाति के औषधि पौधे और लुप्त हो रही प्रजातियों के पौधे का रोपण किया जाता है इसलिए नक्षत्र वाटिका प्रत्येक ग्राम में हो ऐसा संकल्प वसुंधरा सिंगार युवा मंडल का है।

## प्राईवेट स्कूल आज रखेंगे हड़ताल, ऑनलाईन कक्षाएं भी रहेंगी बंद

भिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार ने प्राइवेट स्कूलों को ट्यूशन फीस वसूले जाने का आदेश दिया है। इस आदेश के विरोध में भिंड जिले का प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन 12 जुलाई को ऑनलाइन क्लासें बंद रखेगा। इस क्रम में प्रदेश सरकार ने नाम ज्ञापन कार्यक्रम तहसील स्तर पर किया जाएगा। इसके अगले दिन 13 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों की चाबी सौंपने का कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर ली है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहाने ने 6 जुलाई को घोषणा की थी कि अभी स्कूलों को नहीं खोला जाएगा। प्राइवेट स्कूल संचालक, छात्रों से सिर्फ ट्यूशन फीस ही वसूल कर सकेंगे। इस आदेश के बाद निजी स्कूल संचालकों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। स्कूल संचालकों द्वारा 12 जुलाई को ऑनलाइन पढ़ाई न करने का निर्णय प्रदेश स्तर पर लिया है जिसके समर्थन में भिंड जिले के निजी स्कूलों के संचालक (मध्य प्रदेश बोर्ड से संबद्ध) दिया है। उन्होंने आंदोलन की रूप रेखा तैयार की। भिंड में एक हजार से ज्यादा एमपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूल है। इनमें से कुछ ही बढ़े स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई कराई जाती है। ग्रामीण स्तर के छोटे स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई नहीं की जा रही है। वहीं, सीबीएसई बोर्ड के आठ से दस स्कूल होने की बात कही जा रही है। हालांकि प्रदेश स्तर पर इन स्कूल संचालकों ने हड़ताल में हिस्सा न लेने की घोषणा की है।

## 10 दिन से बेटियों, मां और प्रेमी में चल रही थी कलह, महिला थाने में 7 घंटे काउंसिलिंग, आखिर में बदनामी के डर से हुए अलग

### तीन बेटियों को घर से निकालकर 5वीं शादी करने जा रही थी महिला

### महिला थाने में बेटियों ने की शिकायत, डीएसपी पूनम थापा ने तुरंत लिया एक्शन

भिण्ड। भिण्ड में खुद से 15 साल छोटे युवक से शादी के लिए अडी 5 बेटियों की महिला का मामला आखिरकार सुलझ गया। सात घंटे तक थाने में महिला और उसके प्रेमी की महिला थाने में काउंसिलिंग चली। इसमें भी महिला अपने प्रेमी को छोडने को तैयार नहीं थी। इसके बाद बदनामी के डर से महिला ने शादी से फिलहाल इनकार कर दिया है। उसका कहना है कि वह अपनी बेटियों पर ध्यान देगी। इसके बाद बेटियों को सुकून आया। उनके चेहरे खिल उठे। शनिवार दोपहर महिला पुलिस डेस्क पर बेटियों ने अपनी मां की शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि वह 5वीं शादी करने जा रही है और हम तीनों बहनों को घर से निकाल दिया है। पुलिस ने महिला को बुलवाया। महिला ने अपने प्रेमी के साथ रहने की बात बताई। वह बेटियों को साथ रखने के लिए तैयार नहीं है।



45 साल की महिलाए 30 साल का युवक

बेटियों का कहना है कि मां की उम्र 45 साल है। वह खुद से 15 साल छोटे मिथुन गुर्जर उम्र 30 के साथ पिछले एक साल से रह रही है। पिछले कुछ दिनों से मिथुन उनके साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद वह जीजा के यहां चली गई। यहां मिथुन और मां के शादी करने के बारे में पता चला। हमने मां को मनाने की कोशिश की, लेकिन वह तैयार नहीं हुई। इससे पहले महिला थाने पहुंचकर 8 जुलाई को शिकायती आवेदन दिया। महिलाए उसकी तीन बेटी व प्रेमी को 10 जुलाई को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया। यहां सात घंटे तक काउसंलिंग की गई। दिनभर महिलाए अपनी तीनों बेटियों को साथ रखने और प्रेमी से विवाह करने की बात कहती रही। पुलिस ने प्रेमी मिथुन और महिला को समझाया कि इस तरह की हरकत से समाज में बदनाम हो जाओगी। प्रेमी मिथुन इसे समझ गया। आखिरकार दोनों ने शादी करने से मना कर दिया। मिथुन अपना सामान लेकर चला गया।

### इनका कहना है

काउंसलिंग के बाद प्रेमी युवक व महिला एक दूसरे से अलग होने के लिए राजी हो गए। दोनों ने इस तरह के आवेदन पुलिस थाने में दिए। इस तरह मामला सुलझ गया।

**-रतना जैन, महिला थाना प्रभारी भिण्ड**

## पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह से मिलने पहुंचे कंप्यूटर बाबा



### बंद कमरे में चली वार्तालाप में सरकार की नीतियों एवं अवैध उत्खनन के विरोध में प्रदर्शन

भिण्ड। कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री एवं लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह से मुलाकात करने के लिए कंप्यूटर बाबा रविवार को उनके गृह निवास पर पहुंचे। यहां पूर्व मंत्री व कंप्यूटर बाबा की करीब एक घंटे बंद कमरे में बातचीत हुई। यह बातचीत सरकार की नीतियों से लेकर पर्यावरण और नदियों के अवैध उत्खनन पर होना बताई जा रही है। इसके बाद कंप्यूटर बाबा ने प्रेस रिपोर्टरों से मुलाकात की और कहा कि प्रदेश सरकार की करनी और कथनी में अंतर है। प्रदेश की बीजेपी सरकार नदियों के संरक्षण को लेकर काम नहीं कर रही है। नर्मदा से लेकर भिंड-दतिया जिले की सिंध नदी में अवैध उत्खनन रोका जाए।

एक प्रश्न के जवाब में कंप्यूटर बाबा ने कहा कि जब बीजेपी ने नर्मदा आंदोलन के दौरान राज्यमंत्री का दर्जा दिया था। परंतु बीजेपी सरकार ने नर्मदा में हो रहे अवैध उत्खनन को रोकने में साथ नहीं दिया। इस तरह बीजेपी कहती कुछ ओर है। करती कुछ ओर। यद्पि प्रदेश में नदियों के बचाव और पर्यावरण बचाव को लेकर बीजेपी साथ दे तो मैं उसके साथ हूं। उन्होंने इसी समय यह भी कहा कि-मुझे, सरकार में रहने या न रहने शौक नहीं, नदियों बचे, पर्यावरण बचे, इसी के लिए काम कर रहा हूं।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कंप्यूटर बाबा ने कहा कि आज पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह से मुलाकात कर पर्यावरण और नदियों के बचाव को लेकर चर्चा की है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री सिंह ने नदियों के बचाव को लेकर न्यायालय में पिटीशन दायर की है। हमारा प्रयास है कि नदियों का अवैध उत्खनन रुके। रेत का अवैध उत्खनन चाहे नर्मदा में हो या भिंड की सिंध में। मैं हर जगह संघर्ष के लिए तैयार हूं।

### उत्खनन नहीं रूका तो सूख जाएगी सिंध नदी

प्रेसवार्ता के दौरान डॉ गोविंद सिंह ने अवैध उत्खनन पर निशाना साधा और कहा कि भिंड और दतिया जिले की सिंध नदी जीवन दायनी है। इस नदी की रेत बहुत अच्छी है। इसका दोहन किया जा रहा है। यदि रेत का अवैध उत्खनन नहीं रूका तो आगामी कुछ ही सालों में यह नदी सूख जाएगी। नदी में अवैध रेत उत्खनन से वाटर लेबल 10 से 15 मीटर तक नीचे चला गया है। उन्होंने कहा कि इस ओर प्रदेश सरकार को ध्यान देना चाहिए।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया 36 घंटे में गिरफ्तार

### 11 वर्षीय बालक की पत्थर से कुचलकर वारदात को दिया था अंजाम देकर आरोपी हो गया था फरार, पुलिस के हत्थे चढ़ा

### पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर किया था इनाम घोषित, आरोपी को गिरफ्तार पहुंचाया सलाखो के पीछे

गोहद। चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरतपुर वार्ड नं. 17 में विगत 9 जुलाई को सौतेले भाई द्वारा 11 वर्षीय बालक भोलू जाटव के सिर पर पत्थर मारकर हत्या कारित करने वाले आरोपी चिंटू उर्फकमलकिशोर जाटव निवासी कीरतपुरा के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था। थाना मालनपुर और थाना गोहद चौराहा पुलिस के संयुक्त प्रयास से आरोपी चिंटू जाटव को 36 घंटे में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार विगत 9 जुलाई 2021 को गोहद चौराहा पुलिस को सूचना प्राप्त हुयी थी कि ग्राम कीरतपुरा मे शासकीय स्कूल के पीछे खेत मे एक बच्चे का शव पड़ा हुआ है जिसके सिर पर चोट के निशान होकर रक्त काफी मात्रा में निकला हुआ है। मृतक 11 वर्षीय बच्चा था जिसकी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर पत्थर मारकर हत्या कारित की गई थी। घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा घटना के खुलासे के लिये महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड कमलेश खरपुसे द्वारा प्रकरण की सूक्ष्मस्तर से मॉनीटरिंग की गई। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद नरेन्द्र सोलंकी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।घटनास्थल का निरीक्षण एवं मृतक के परिवारजनो से विस्तृत चर्चा करते यह पता चला कि फरियादिया श्यामवती पत्नी भगवानसिह जाटव के 11 वर्षीय धर्मवीर उर्फभोलू जाटव की हत्या उसके दूसरे पति भगवान सिह जाटव के इकलौते पुत्र चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव निवासी कीरतपुरा ने की थी। घटना कारित करने के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसकी सूचना भिण्ड पुलिस के समस्त थानों को दी गई थी। आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव के विरूद्ध थाना गोहद चौराहा पर अप.क्र. 181/21 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।



### इस कारण हत्या की वारदात को दिया अंजाम

मृतक की माता श्यामवती को अपने प्रथम पति सालिगराम जाटव से तीन संताने हुयी थी जिसमे उसकी एक पुत्री है। श्यामवती का दूसरा विवाह भगवानसिंह जाटव से हुआ था। भगवान सिह जाटव को अपनी प्रथम पत्नी से एक संतान हुयी जिसका नाम चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव था।उपरोक्त समस्त लोग एक साथ एक ही घर में निवास करते थे। आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव हमेशा श्यामवती के बच्चों से रंजिश रखकर उनसे आये दिन लड़ाई झगड़ा कर गाली गलौज करता था तथा उसकी पुत्री पर गलत नीयत रखता था तथा उसकी शादी भी नहीं होने दे रहा था जिसका उसका भाई विरोध करता था । इसी कारण आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव ने 11 वर्षीय बालक धर्मवीर उर्फ भोलू जाटव की हत्या की थी थाना गोहद चौराहा और थाना मालनपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव उम्र 19 वर्ष निवासी कीरतपुरा थाना गोहद चौराहा को मात्र 36 घण्टे मे गोहद रेलवे स्टेशन के पास से सुबह गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल हुई।

### इनका कहना है:

आरोपी युवक अपनी बहन पर गलत नजर रखता था और पहली शादी के भाई-बहिनों से रंजिश रखता था, इसलिए उसने बच्चे को उतारा मौत के घाट, आरोपी कबूल की वारदात।

**-नरेन्द्र सोलंकी, एसडीओपी गोहद**

## 315 बोर कट्टा जब्त, आरोपी गिरफ्तार




भिण्ड। फूप थाना क्षेत्र के ग्राम सकराया की पुलिया के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहा था, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे दबोच लिया और उसके पास से कट्टा व राउण्ड जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 10.45 बजे ओमकार पुत्र रामनरेश शर्मा निवासी सकराया फूप जो गांव में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अवैध कट्टा लेकर घूमते हुए पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उसके पास से एक 315 बोर कट्टा व एक जिंदा राउण्ड जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## जल संकट के आसार

इस साल फरवरी से ही पारा चढ़ना शुरू हो गया है और जुलाई का महीना भी मानसून के बजाए पसीना निकाल रहा है। जब कभी ऐसा होता है तो जल संकट के आसार बनते हैं, यानी मानसून में अच्छी बारिश के बावजूद देश इस बार भी जल सुरक्षा को लेकर निश्चिंत नहीं है। वैसे तो जब भीषण गर्मी नहीं भी पड़ती है, तब भी देश जल संकट झेलता है और चिंताजनक यह है कि साल दर साल यह संकट बढ़ ही रहा है। हर साल सूखे से प्रभावित क्षेत्रों की संख्या बढ़ रही है। वह समय आ गया है जब जल संरक्षण का काम प्राथमिकता पर लाना मजबूरी बनती जा रही है। फौरन सोच-विचार इसलिए और जरूरी है क्योंकि आईआईटी, गांधीनगर ने एक अध्ययन के बाद इस साल एक खास तरह का सूखा पडने का अंदेशा जताया है। उसने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस साल देश को फ्लैश ड्रॉट यानी छोटे-छोटे अंतराल के सूखे की समस्या से जूझना पड़ सकता है। इस तरह के सूखे में मानसून के गड़बड़ाने और तामपान बढने से मिट्टी की नमी खत्म होने लगती है। इसका सबसे बुरा और सबसे ज्यादा असर खेती पर पड़ता है। याद रखा जाना चाहिए कि अपने देश में आधे से ज्यादा खेती वर्षा पर आधारित है। ऐसे में बारिश का गड़बड़ाना और तापमान का बढना किसानों के संकट को और तीव्र बना सकता है। कुछ दशकों के अनुभव से हम यह भी जान चुके हैं कि देश में पानी को लेकर निश्चिंतता का संबंध बारिश और गर्मी से भी ज्यादा इस बात से है कि हमारी जल भंडारण क्षमता कितनी है। बारिश के चार महीनों में ज्यादा से ज्यादा पानी को जमा करके ही हम बाकी आठ महीने सुकून से रह सकते हैं। जल संचयन या भंडारण वह चीज है कि अगर किसी साल मानसून सूखा भी निकल जाए, तब भी जल भंडारण के बल पर जल अभाव के संकट से बच सकते हैं। लेकिन सरकारी जल विज्ञानी यह बताने लगे हैं कि यह समस्या जल प्रबंधन की बिल्कुल भी नहीं है, बल्कि देश में जल संसाधन ही कम हैं। यह बात एक विवाद खड़ा कर सकती है। लिहाजा यह देखा जाना चाहिए कि देश में क्या वाकई कुदरती तौर पर पानी की कमी है, या हकीकत यह है कि पानी तो है लेकिन हम अपने जल प्रबंधन में खामियों के कारण बारिश के दिनों में वर्षा जल जमा करके नहीं रख पाते? हिसाब यह है कि देश की धरा पर हर साल औसतन चार हजार अरब घनमीटर पानी बरसता है। भारत के आबादी एक सौ अड़तीस करोड़ के आसपास है। यानी कुल बरसे पानी को आबादी से भाग देकर देखें तो देश में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष दो हजार नौ सौ घनमीटर पानी प्रकृति से मिलता है। अगर विश्व में सर्वमान्य जल आवश्यकता का पैमाना देखें तो भारत आज भी अपनी न्यूनतम आवश्यकता दो हजार घनमीटर से डेढ़ गुना पानी प्रकृति से हासिल कर रहा है। लेकिन सरकारी जल विज्ञानियों का तर्क है कि वर्षा के रूप में जो पानी हमें प्रकृति से मिलता है, उसे हम पूरा का पूरा इस्तेमाल नहीं कर सकते। जल विज्ञानियों की यह दलील रहती है कि देश की भू आकृति और दूसरे कारणों से चार हजार हजार अरब घनमीटर पानी में से हम सिर्फ एक हजार 800 अरब घनमीटर पानी को ही इस्तेमाल में आने लायक मानते हैं। बात यही खत्म नहीं होती। इस्तेमाल के लिए उपलब्ध इस एक हजार 800 अरब घनमीटर में भी हम सिर्फ एक हजार एक सौ दस अरब घनमीटर पानी को ही अपनी पहुंच में ला पाए हैं। अगर जल की इस मात्रा को देश की कुल आबादी से भाग दें तो इस समय प्रति व्यक्ति वास्तविक जल उपलब्धता 797 घनमीटर आती है। जबकि आजादी मिलने के समय यह आंकड़ा पांच हजार घनमीटर प्रति व्यक्ति था। यानी आज हम कह सकते हैं कि ज्यों-ज्यों आबादी बढ़ रही थी, त्यों-त्यों जल संकट बड़ा हो रहा था।

### सच का आईना

# मध्य प्रदेश सरकार ने निजी विद्यालयो की फीस वृद्धि के विरोध में जो निर्णय लिया है वह वास्तविक रुप से स्वागत योग्य है



विश्व पटल पर जिस प्रकार से 16 या 17 माह से त्राहि-त्राहि मची है। उससे तो ऐसा लगने लगा है कि भविष्य में मनुष्य जीवन भयंकर संकट में दिखाई दे रहा है। क्योंकि इस दौर में संपूर्ण व्यापार, निजी नौकरियों से लोगों को हाथ धोना पड़ा। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो यह ज्यादा उचित रहेगा कि लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए। जिससे दो वक्त की रोटियां उपलब्ध करना मुश्किल हो गया है। लोगों ने अपने जीवन को किस प्रकार से इस दौर में गुजारा है, शायद वह लोग ही जानते हैं, जो इस संकट से गुजर रहे हैं। कोविड-19 जिस प्रकार से मनुष्य जाति को अपने आगोश में लिया है। वह एक चिंतन का विषय है कि किस प्रकार से परिवार एवं अपना जीवन सुरक्षित किया जा सके। इस बीमारी से ऐसे अनेक परिवार हैं, जो संपूर्णता कंगाली की स्थिति एवं उनके परिवार के बहुत से लोग, उनका साथ छोड़कर, इस दुनिया से जा चुके है। इस सब के बाद भी प्रत्येक परिवार ने अपने बच्चों को शिक्षा देने के लिए निजी विद्यालयों की मनमानी को पूरा किया है। चाहे उन्हें अपना घर बेचना पड़े या दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अपने शरीर के अपने शरीर के प्रत्येक अंग को भी बेचकर उन्हेंने, इसकी व्यवस्था की है ।लेकिन क्या यह उचित है कि जब संपूर्ण विश्व आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है तो निजी विद्यालयों को सरकार एवं आम जनता के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े रहना चाहिए। क्योंकि आर्थिक संकट सभी पर काली बादलों की तरह छाया वाह है।

यह कहावत सत्य दिखाई दे रही है कि जिस प्रकार से एक आवारा घोड़े मे नकेल डालना मुश्किल होता है । जब वह एक लंबे समय से अपनी मनमानी कर रहा है। यही स्थिति आज निजी विद्यालयो की दिखाई दे रही है। जिस प्रकार से एक लंबे समय से निजी विद्यालयो ने आम नागरिक को शिक्षा के नाम पर लूट मचा रखी है। वह तो शायद उल्लेखनीय योग्य नहीं है। इनकी मनमानी किसी न किसी तरीके से प्रत्येक माता-पिता ने एक उचित शिक्षा के लालच में सदैव पूर्ति की है। लेकिन जब आज प्रत्येक परिवार आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, तो निजी विद्यालयों को अपनी आवश्यक फीस लेना चाहिए, ना कि एक ऐसा भार माता पिता पर डाल दें जोकि वह किसी प्रकार से भी सहन ना कर सके । जिसका भविष्य में कोई अनावश्यक दुष्परिणाम निकले। इसी के विरोध में, जब मध्य प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया तो संपूर्ण निजी विद्यालय के संचालक बोखला गए और आने वाले 12 तारीख को उन्होंने संपूर्ण मध्यप्रदेश में हड़ताल का आव्हान कर दिया। क्या यह उचित निर्णय?

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुछ ऐसी अनावश्यक फीस वृद्धि पर रोक लगाने का प्रयास किया है। जिन्हें एक लंबे समय से माता-पिता पर अनावश्यक रूप से डाली जा रही थी। जिससे आप इस प्रकार समझ सकते हैं जैसे कि

1- ऑनलाइन शिक्षा में केवल आप उसे tuition fees ले सकते।

2 -निजी विद्यालय प्रत्येक वर्ष जो 10 परसेंट फीस बढ़ाते थे। उस पर विराम।

3- खेलकूद, लाइब्रेरी अन्य गतिविधियों की फीस नहीं ले सकते।

4- किताबों के नाम पर मोटा कमीशन नहीं लेना चाहिए।

5- नर्सरी से लेकर 12th क्लास तक वैक्सीनेशन कंप्लीट होने के बाद ही विद्यालय खोले जाएंगे।

ऐसे अनेक बिंदु हैं, जिन पर माननीय शिवराज जी ने एक कठोर निर्णय लीजिए जो की अति आवश्यक था । यह युद्ध ना किसी सरकार का है, ना एक व्यक्ति विशेष का इसमें विजय पाने के लिए लोगों को भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े रहना चाहिए तभी शायद इस को सफलता की ओर अग्रसर कर सकते हैं। अन्यथा आने वाले अक्टूबर-नवंबर में जिस प्रकार से तीसरी लहर के संकेत दिए जा रहे हैं ।वह भारती युवा पीढ़ी दिए बहुत ही भयानक एवं दर्दनाक हो सकता है। जिसे शायद सहन कर पाना मुश्किल होगा। अतः माननीय का यह निर्णय स्वागत योग्य कृपया सभी निजी विद्यालय से अनुरोध है ।वे मूलभूत फीस ले ना कि अनावश्यक। आम जनता अगर आप के विरोध में आ गई तो जो एक लंबे समय से आप सभी का गोरख धंधा चला आ रहा है। वह पतन की ओर अग्रसर हो जाएगा।

आप सभी कदम से कदम मिलाकर मध्य प्रदेश सरकार का फीस वृद्धि के विरोध में जो निर्णय लिया गया है ,उसके पक्ष में खड़े होकर एकता का प्रदर्शन करें। तभी शायद इन निजी विद्यालयो की मनमानी रोकी जा सकती है।

आम नागरिक के नाते ,माननीय मुख्यमंत्री जी से एक अनुरोध करना चाहता हूं कि विगत 15 साल से जिस प्रकार से निजी विद्यालय की एक बड़ी सुनामी आई हुई है। उन पर विराम लगाना चाहिए। स्कूल खुलने की नियमों को कठोर करें जिससे सरकारी स्कूलों की जो गिरावट आई, उसमें में भी सुधार किया जा सके। आओ सभी मिलकर एक सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर करते हैं। निजी विद्यालयों से हटकर सरकारी विद्यालयो को प्रोत्साहित करते हुए, उचित शिक्षकों से अपने बालकों को अध्ययन कराते । अनावश्यक खर्चों से बचाव करते तभी वास्तविक रूप से इन निजी विद्यालयों की मनमानी को रोका जा सकता है।।

**(लेखक के स्वर के विचार)**
**लेखन/भीष्म भदौरिया**
**भिण्ड मध्यप्रदेश**

## अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे। एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं। बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।

## संघ का मुस्लिम प्रेम

**ओमप्रकाश मेहता )**

पिछले सात सालों से नरेन्द्र भाई मोदी के सामने 'नतमस्तक' संघ क्या पुनः 'उपदेशक' संरक्षक की भूमिका में आ गया है? समाज सेवा को अपना ध्येय मानने वाला संघ औरउसके नेता अब ÷राजनीतिक नेता÷ की सोच रखने लगे है और अपनी कट्टर हिन्दूत्व की छवि को छिपाकर वोट की राजनीति करने लगे है और उसी के अनुरूप सम्बोधन भी करने लगे है और इसका शुभारंभ भी संघ प्रमुख भागवत जी ने ही किया है, उनके ताजे चर्चित बयान से तो यही परिलक्षित होता है? डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि सभी भारतवासियों का डीएनए एक ही है, इसलिए देश में कोई भी किसी के लिए भी अछूत नहीं है और जो लोग 'लिंचिंग' की आड़ में कुछ लोगों को भारत छोडकर पाकिस्तान जाने की सलाह देते है, वे गलत है, उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिये। भारत में हरने वाला हर मजहब का शख्स भारतीय है।

अब देश में यह अहम सवाल उठाया जा रहा है कि आखिर अचानक संघ प्रमुख की सोच में यह परिवर्तन कैसे आ गया? क्या उन्हें कोई खास ज्ञान प्राप्त हुआ है या समझ और स्थिति के अनुरूप वे अपने आपको गैर साम्प्रदायिक दिखाने की कोशिश कर रहे है? भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों का कहना है कि पिछले दिन भाजपा-संघ सहित सभी हिन्दूवादी संगठनों की संयुक्त बैठक हुई थी, जिसमें विचार का प्रमुख विषय देश में सत्तारूढ़ भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घटती लोकप्रियता था, इस मुद्दे पर गंभीर चिंतन के बाद यह तय किया गया कि चूंकि देश में हिन्दूओं के बाद वोटरों का सर्वाधित प्रतिशत मुसलमानों का है, इसलिए संघ, विहिप, बजरंग दल जैसे कट्र हिन्दू संगठन अपनी नीति में अस्थाई रूप से बदलाव लाए और मुस्लिम वोटरों को भाजपा के पाले में लाने का प्रयास करें, क्योंकि यदि हिन्दूओं और मुसलमानां का पूरा सहयोग भाजपा को मिल जाता है तो फिर विश्व की कोई भी ताकत तीन साल बाद होने वाले लोकसभा के चुनाव में भाजपा को सरकार बनाने से हनीं रोक सकती और उस बैठक में लिये गये फैसले की शुरूआत संघ प्रमुख भागवत जी ने की है, बताया जाता है कि जब कट्टर हिन्दूवादी संगठनों विहिप, बजरंग दल आदि ने बैठक में लिए गए फैसले के प्रति असहमति व्यक्त की तो उन्हें अपने मूंह बंद रखने की सख्त हिदायत दे दी गई और इन संगठनों ने मौन धारण कर लिया।

किंतु कट्टर हिन्दूवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख के इस चमत्कारी बयान से देश के सियासी व मजहबी हलकों में खलबली तो मचना ही थी, वह मची और उसी का परिणाम था कि पूर्व प्रधानमंत्री पी.व्ही. नरसिंह के प्रमुख सलाहकार रहे डॉ. ख्वाजा इतीखार के विचार सामने आ गए, जिन्होंने संघ व मुस्लिमों के बीच संवाद व सहमति की तुरंत वकालत कर दी तथा देश के मुसलमानों से अपील भी कर दी कि देश को विश्व में अग्रिम राष्ट्र बनाने में संघ की मौजूदा विचारधारा को समझकर अपना योगदान दें।

वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह जी ने भागवत जी को सलाह दे दी कि वे अपने आगे पीछे घूमने वालों को मुस्लिम विरोधी बयान देने से रोके और जो लोग अब तक मुस्लिम प्रताड़ना के दोषी ठहराये गए है, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करके दिखाए, दिग्विजय ने भागवत पर कथनी और करनी में अंतर का आरोप भी लगाया और कहा कि इस सदी के शुरू में गुजरात में हुए दंगों के घोषित-अघोषित अपराधियों को, चाहे वे किसी भी बड़े पद पर विराजित हो, सबसे पहले दण्डित किया जाए।

इस प्रकार भागवत जी के ताजा बयानों को लेकर देश की राजनीति में उबाल सा आ गया है, देश के प्रमुख मुस्लिम नेता औबेसी ने भी इस बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है तथा गोड़से की प्रवृत्ति को इंगित करते हुए संघ को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है।

## राजनैतिक ज्ञान के ज्ञानेश्वर ज्ञानेन्द्र शर्मा...!

### सूडोकु नवताल-5769

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5768 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

**नईम कुरेशी**

ज्ञानेन्द्र शर्मा साहब हमारा साथ छोड़ गये। वो मध्य प्रदेश की कांग्रेस सियासत के खास जानकार थे 1968-69 में वो मुख्यमंत्री रहे रीवां के गोविंद नारायण सिंह के पुत्र आनंद के दोस्त बन गये थे। उनकी गोविंद नारायण सिंह से बाद में 3-4 साल बाद विद्याचरण शुक्ल से भी ज्ञानेन्द्र भाई साहब की मुलाकातें होने लगी थीं। उनकी गहरी वाक्पटुता व गम्भीर सोच के चलते वो विद्या भईया के खास बन गये थे। उनसे 1977 में गांधी रोड सर्किट हाउस पर मेरी मुलाकात हुई थी। जब मैं शहर में पत्रकार के तौर पर खूब सक्रिय था।

ज्ञानेन्द्र भाईसाहब मिलनसार, दूर दृष्टि वाले, नम्र व्यक्ति थे। उन्हें नये-नये लोगों से मिलने का शौक था। उस दौर में भाई साहब लम्ब्रेटा स्कूटर पर चलते थे, हम सायकल पर थे। उस दौर में लम्ब्रेटा स्कूटर व अम्बेसडर कार ही या फीयट कार ही व्ही.आई.पी. के पास होते थे। ज्ञानेन्द्र भाईसाहब को कांग्रेस के तमाम बड़े नेता 1980 के आते-आते जानने लगे थे। श्यामाचरण शुक्ल, प्रकाश चन्द्र सेठी, अर्जुन सिंह उनसे मिलकर खुश होते थे। ज्ञानेन्द्र भाईसाहब जनकगंज क्षेत्र के निवासी थे। उनके पिता निगम के अफसर रहे थे।

ज्ञानेन्द्र भाईसाहब से राजा दिग्विजय सिंह के भी अच्छे संबंध रहे थे। उनके मंत्री मंडल के तीन वजीर चरण दास महंत, प्रेम ठाकुर आदि उनके खास भक्त थे। वो उन्हें गुरु तक मानते थे। मुझे भी भाईसाहब ने 90-91 में महंत से मिलवाया था। 1991 में जब तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री अर्जुन सिंह ने मेरी बुन्देली विरासत पुस्तक का विमोचन दिल्ली में किया था। उस दौर में भाईसाहब ने मेरी दिल्ली में बहुत मदद की थी। यहां तक मुझे व मेरी पत्नी को वो रेल्वे स्टेशन निजामुद्दीन पर अपनी कार से लेने तक आये थे। हमारा दिल्ली में परिचय भी काफी कम था। उस दौर में हम तो 82 से दिल्ली में पत्रकारिता करने हर हफ्ते जाते रहे थे। दिल्ली के सैकड़ों चौराहों में मात्र बहादुरशाह जफर मार्ग नई दिल्ली स्टेशन भर का इलाका हमने देख पाया था 7-8 सालों में बसों में लटककर दिल्ली तो सालों में ही देखी जा सकती थी। भाईसाहब के पास उस दौर में जिप्सी जैसी सुन्दर जीप होती थी। उन्होंने हमें दिल्ली में 4-5 बार तो 91-92 में घुमाया तो था ही हां सरोद वादक अमज़द अलि खॉन साहब ने भी 88 में हमें दिल्ली में दो-तीन बार बैठाया था। हम उस दौर में उनके संगीत ट्रस्ट से जुड़ चुके थे। डॉ. शंकर दयाल शर्मा उपराष्ट्रपति से उन्होंने हमारी पुस्तक का विमोचन कराकर हमारी दिल्ली में पहचान बनाने की शुरुआत कर दी थी। ज्ञानेन्द्र भाईसाहब ने इसे और आगे बढ़ाया। भाईसाहब ने अर्जुन सिंह के विवाह पर किताब विमोचन के दौरान 1991 जुलाई में ज्ञानेन्द्र भाईसाहब ने कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया था। इस प्रोग्राम में दर्जनभर मध्य प्रदेश के सांसद, आय.ए.एस. व सुभाष त्रिपाठी जैसे आय.पी.एस., लक्ष्मीनारायण जैसे आय.ए.एस. व दिग्विजय सिंह रमाशंकर सिंह उस्ताद अमज़द अलि खॉन साहब जैसे मशहूर संगीतकार थे। भाईसाहब ज्ञानेन्द्र शर्मा साहब के ज्ञान का लोहा यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन जमील मोहम्मद कुरेशी भी खूब मानते थे। कुरेशी साहब मध्य प्रदेश से आय.पी.एस. थे वो डी.जी.पी. से लेकर भारत सरकार में सचिव तक रहे थे। राजीव गांधी व अर्जुन सिंह के काफी नजदीकी उनकी थी। हमने 92-93 में उनकी मुलाकात कराई थी। भाईसाहब भी दिल्ली में गहरी पहचान रखते आये थे। उस दौर में खासतौर से अर्जुन सिंह के कैम्प से वो सियासत करते थे। कुंअर साहब भी उन्हें खूब मानते थे। एक बार भाईसाहब ने 87 में ग्वालियर के कमिश्नर अजय शंकर की कुंअर अर्जुन सिंह से आर.टी.ओ. परमिटों में भेदभाव की शिकायत कर दी थी। वो उस समय मुख्यमंत्री थे। बड़े सख्त स्वभाव के थे कुंअर साहब उस दौर में कुंअर साहब ने कमिश्नर से 10 सालों के आर.टी.ओ. रिकॉर्ड के साथ तुरन्त हाजिर होने का हुक्म दे डाला और 36 घंटों तक अजय शंकर को अपने पीछे-पीछे घुमाया। मुख्यमंत्री उस दौर में ग्वालियर, चम्बल, शिवपुरी दौरे पर थे। अंत में झांसी रेल्वे स्टेशन से अर्जुन सिंह साहब को भोपाल बुलाकर फटकारते हुये धीमे से बेड शो कहा था। इस तरफ ज्ञानेन्द्र भाई साहब ने अपने ज्ञान व प्रताप के बल पर एक बड़े नौकरशाह को कुंअर साहब से करंट दिलाकर पूरी प्रदेश की नौकरशाही को हड़का दिया था जो सिर्फ और सिर्फ ज्ञानेन्द्र भाई साहब ही कर सकते थे। उनके ज्ञान का लोहा संबंधों की पूंजी को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, सियासतदां, नौकरशाह, डॉक्टर साहेबान, उद्योगपति, पत्रकार आदि सभी समान तौर से मानते थे।

## कोरोना नरम पड़ा पर ब्लैक फंगस का कहर जारी

**सच्चिदानंद शेकटकर**

भारत में भले ही कोरोना की दूसरी लहर अब उतार पर है, लेकिन ब्लैक फंगस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक देश में 40,845 ब्लैक फंगस यानी के केस सामने आ चुके हैं। इनमें से ज्यादातर मरीजों के दिमाग और नासिका तंत्र में संक्रमण हुआ है। केंद्र सरकार की कोरोना पर 29वीं मीटिंग के दौरान यह डेटा जारी किया गया है। अब तक देश में 40,845 केस ब्लैक फंगस के मिले हैं, जिनमें से 31,344 मामले ऐसे हैं, जिनमें मरीजों के दिमाग या फिर नासिका तंत्र में इन्फेक्शन हुआ है। इसके चलते दिमाग, नासिका तंत्र, मुंह आदि में फंगस जम जाता है। अब तक ब्लैक फंगस के चलते 3,129 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्लैक फंगस के मरीजों में से 34,940 को कोरोना हुआ था। इसके अलावा 64 फीसदी यानी 26,187 लोगों को गंभीर बीमारियां थीं। इसके अलावा 52.69 फीसदी लोग ऐसे थे, जिन्हें स्टेरॉयड लेने के चलते यह इन्फेक्शन हुआ है। यही नहीं ब्लैक फंगस भी कोरोना की तरह ही हर आयु वर्ग के लोगों को अपना शिकार बना रहा है। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि ब्लैक फंगस की चपेट में आने वाले 32 फीसदी मरीजों की आयु 18 से 45 वर्ष तक थी। इसके अलावा 17,464 मरीज ऐसे रहे, जिनकी आयु 45 से 60 साल के बीच भी है। वहीं 60 साल से अधिक आयु के 24त्न यानी 10,082 लोग इसका शिकार हुए हैं। हालांकि इस बीच कोरोना की दूसरी लहर से तेजी से राहत मिल रही है। भले ही दूसरी लहर अब कमजोर पड़ रही है। लेकिन अब भी सावधान रहने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि अब भी देश के 80 जिले ऐसे हैं, जहां पॉजिटिविटी रेट काफी ज्यादा है। इस स्टेज पर हमें किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है। एक्टिव केसों की बात करें तो फिलहाल महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी औसत राष्ट्रीय स्तर से ज्यादा है। इसके अलावा देश के 19 राज्यों से राहत की खबर है। यहां हर दिन कोरोना से मरने वालों की संख्या अब सिंगल डिजिट में ही रह गई है।

# कंगना रनौत ने दिखाई थलाइवी की नई झलक, शेयर किया अरविंद स्वामी संग फोटो



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अब अपनी अगली फिल्म थलाइवी में नजर आएंगी। यह फिल्म तमिलनाडू की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की बायॉपिक है। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसी साल रिलीज होने जा रही है। अब कंगना ने इस फिल्म का एक नया स्टिल फोटो शेयर किया है जिसमें वह तमिल स्टार अरविंद स्वामी के साथ दिखाई दे रही हैं।अरविंद स्वामी फिल्म में मशहूर तमिल ऐक्टर और नेता एमजी रामचंद्रन की भूमिका में दिखाई देंगे। कंगना के एमजीआर के 104वें जन्मदिन पर यह तस्वीर शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। एमजीआर ही वह व्यक्ति थे जो जयललिता को फिल्मी दुनिया से निकालकर राजनीति में लाए थे। कंगना ने यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, च्महान एमजीआर को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि, क्रांतिकारी नेता और थलाइवी के मेंटॉर।ज्कंगना ने इस स्टिल के अलावा एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें एमजीआर के जिंदगी के अभी तक के सफर को दिखाते हुए श्रद्धांजलि दी गई है। बता दें कि कंगना की यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में रिलीज की जाएगी। एएल विजय के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। वर्क फ्रंट की बात करें तो कंगना अब अपनी अगली फिल्म च्धाकड़ज की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा कंगना की फिल्म च्तेजसज की शूटिंग भी इसी साल शुरू होगी जिसमें वह भारतीय वायु सेना की पायलट का किरदार निभा रही हैं।

## रश्मि रॉकेट के लास्ट शेड्यूल के लिए भुज रवाना हुईं तापसी पन्नू, को-स्टार्स के साथ शेयर की तस्वीर

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अपने से जुड़े अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। तापसी पन्नू अपनी फिल्म रश्मि रॉकेट के लास्ट शेड्यूल के लिए भुज के लिए रवाना हुई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी है।तापसी पन्नू ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें तापसी पन्नू कैमरे की तरफ पीठ करके खड़ी हैं और उन्होंने रेड जर्सी पहनी है। उनकी जर्सी पर भुज लिखा है। तापसी पन्नू ने इसके अलावा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वह अपने को-स्टार्स अभिषेक बनर्जी और प्रियांशु पेनयुली के साथ फ्लाइट में नजर आ रही हैं। सभी ने कोरोना वायरस से बचाव के चलते फेस शील्ड पहन रखी हैं। तापसी पन्नू ने इस तस्वीर के साथ लिखा, आज के दिन के ट्रैवलिंग पार्टनर्स! बीच में निकाल देंगे इनको प्लेन से। वर्कफ्रंट की बात करें तो तापसी पन्नू के पास कई फिल्में हैं। वह च्रश्मि रॉकेटज के अलावा शाबाश मिठू, लूप लेपटा और च्हसीन दिलरुबाज जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। तापसी पन्नू आखिरी बार फिल्म थप्पड़ में दिखाई दी थीं। इस फिल्म की दर्शकों और क्रिटिक्स ने तारीफ की थी।



## प्रीति जिंटा को याद आए डेब्यू फिल्म दिल से की शूटिंग के दिन, लिखा- हाथी भी सोच रहे होंगे कि...

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस प्रीति जिंटा भले ही इस समय फिल्मी दुनिया में ऐक्टिव न हो लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपने ऐक्टिंग करियर की पुरानी यादों को ताजा करती रहती हैं। अब प्रीति जिंटा ने अपनी डेब्यू फिल्म चदिल से के गाने चजिया जले की एक पुरानी याद को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। प्रीति जिंटा ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म चदिल सेज के गाने चजिया जलेज की शूटिंग के समय की पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह हाथियों के सामने खड़ी पोज दे रही हैं। इस तस्वीर के साथ प्रीति जिंटा ने लिखा है, हाथी भी सोच रहे होंगे कि मैं क्या कर रही हूं। मैं एक अच्छी बच्ची की तरह सब कुछ फराह खान के कहने पर कर रही थी।



# शिबानी दांडेकर से फरहान की शादी पर जावेद अख्तर ने कहा- पर्सनल चीजों में दखल नहीं देता हूं



बॉलिवुड के मशहूर राइटर जावेद अख्तर अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। वह सोशल मीडिया पर भी लोगों को अलग-अलग मौकों पर जवाब देते नजर आते हैं। उनका ऐसा ही नजरिया अपने बच्चों को लेकर भी है। उनका कहना है कि अब उनके बच्चे बड़े हो गए हैं और उन्हें अपनी प्राइवेसी का पूरा अधिकार है। वह बच्चों से कभी उनकी पर्सनल बातें नहीं पूछते हैं।अपने जन्मदिन के मौके पर जावेद अख्तर ने कहा, च्जब लोग मुझसे बर्थडे पर केक काटने को कहते हैं तो मुझे थोड़ा अजीब लगता है कि क्योंकि अब मैं बच्चा नहीं रहा। बर्थडे एक रस्म है, मोहब्बत है तो दोस्त आ जाते हैं। अगर आपका जन्म एक अच्छी फैमिली में हुआ है जहां पैरेंट्स बर्थडे सेलिब्रेट करते हैं तो आप कुछ अलग ही महसूस करते हैं लेकिन हमने तो ये सब देखा नहीं था। गरीब बच्चे अपना बर्थडे सेलिब्रेट नहीं करते हैं और मैंने भी बड़े होने के बाद ऐसा करना शुरू कर दिया।

**बेटे की शादी पर क्या बोले जावेद:** पिछले साल अफवाह थी कि तीन साल के रिलेशन के बाद फरहान अख्तर अपनी गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर से शादी करने वाले हैं। इस सवाल पर जावेद अख्तर कहते हैं, मेरा मानना है कि जब बच्चे व्यस्क हो जाते हैं तो उनके पास निजता का अधिकार होता है। ऐसे में उनसे पर्सनल सवाल पूछना सही नहीं है।

**नहीं करनी चाहिए पूछताछ:** अख्तर के मुताबिक, अगर बच्चे अपनी पर्सनल बात बताते हैं तो आपको ध्यान से सुनना चाहिए लेकिन कभी जांच या फिर पूछताछ नहीं करनी चाहिए। अगर मेरे बच्चे अपनी पर्सनल बातें मुझसे शेयर करना चाहते हैं तो मुझे बहुत खुशी होगी लेकिन मैं कभी उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में पूछताछ नहीं करूंगा।


# मौनी रॉय जल्द करने जा रही बॉयफ्रेंड सूरज नांबियार से शादी?

बॉलिवुड में साल 2021 की शुरुआत अच्छी खबरों के साथ हो रही है। हाल में अनुष्का शर्मा बच्ची की मां बनीं, फिर इसके बाद अब वरुण धवन और नताशा दलाल की शादी की चर्चा चल रही है। इसी बीच खबर है कि बॉलिवुड की खूबसूरत दीवा मौनी रॉय भी शादी कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि मौनी रॉय दुबई के एक बैंकर सूरज नांबियार को डेट कर रही हैं और जल्दी ही उनसे शादी भी कर सकती हैं। मौनी रॉय कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन के दौरान दुबई में थीं। मौनी ने पूरा लॉकडाउन अपनी बहन, बहनोई और उनके बच्चों के साथ बिताया है। कहा जा रहा है कि इसी दौरान उनकी नजदीकियां सूरज नांबियार के साथ बढ़ने लगीं। हालांकि अभी तक इस बात को किसी ने कन्फर्म नहीं किया है कि शादी कब होगी लेकिन मौनी रॉय पहले ही इंस्टाग्राम पर अपनी रिलेशनशिप को ऑफिशल कर चुकी हैं। मौनी रॉय ने अपनी इन तस्वीरों से फिर मचाया गदर, ट्रांसपैरंट ड्रेस में दिखाए जलवे मौनी ने सूरज और उनकी फैमिली के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की थी जिसमें उन्होंने सूरज के पैरंट्स को च्मॉमज और च्डैडज बताते हुए संबोधित किया था। मौनी के एक नजदीकी सूत्र ने बताया है कि मौनी रॉय सूरज के पैरंट्स के साथ काफी कंफर्टेबल रहती हैं और यह सूरज से शादी करने का एक बड़ा कारण है। बता दें कि अगस्त 2020 में सबसे पहले हमारे सहयोगी ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मौनी रॉय और सूरज नांबियार एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।



## महेश मांजरेकर को गुस्सा पड़ा भारी, मारपीट का मामला हुआ दर्ज

बॉलिवुड ऐक्टर और डायरेक्टर महेश मांजरेकर के खिलाफ पुणे में मारपीट का एक मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि महेश मांजरेकर ने रोड रेज के मामले में किसी आदमी के साथ मारपीट की है जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना 15 जनवरी को हुई थी।महेश मांजरेकर के खिलाफ यह मामला पुणे के यवत पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है। यहां बताया गया है कि 15 जनवरी को महेश मांजरेकर ने कथित तौर पर रोड रेज के एक मामले में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी। पुलिस ने थाने में इस मामले में एनसी दाखिल कर ली है।बता दें कि इससे पहले महेश मांजरेकर ने 2020 में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि कोई उन्हें धमकाकर 35 करोड़ रुपये की मांग कर रहा है। अभी महेश मांजरेकर फिल्म च्अंतिम- द फाइनल ट्रुथज का डायरेक्शन कर रहे हैं जिसमें सलमान खान और आयुष शर्मा लीड रोल में हैं।



# वेब सीरीज तांडव पर मचा बवाल, बीजेपी एमपी ने की बैन लगाने की मांग



हाल में सैफ अली खान के लीड रोल वाली वेब सीरीज तांडव रिलीज हुई है। इस सीरीज में कुछ सीन पर रिलीज होने के बाद ही सोशल मीडिया पर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। अब बीजेपी सांसद मनोज कोटक खुलकर इसके खिलाफ आ गए हैं और उन्होंने कहा है कि इस सीरीज के जरिए हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। जल्द ही इस सीरीज के मेकर्स और कलाकारों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की भी तैयारी की जा रही है। लगातार वेब सीरीज के नाम पर ऐंटी हिंदू कॉन्टेंट परोसा जा रहा है जिसपर तुरंत रोक लगाए जाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिल्मों और वेब सीरीज में हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाया जाता है जिससे हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचती हैं।मनोज कोटक ने ट्वीट कर यह जानकारी भी दी है कि उन्होंने इस बारे में केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से भी बात की है और उनसे भारत की अखंडता बनाए रखने की खातिर ओटीटी कॉन्टेंट पर सेंसरशिप लगाए जाने की मांग की है। यह भी खबर है कि च्तांडवज वेब सीरीज के खिलाफ रविवार 17 जनवरी को बीजेपी नेता राम कदम घाटकोपर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने जाने वाले हैं। बता दें कि दरअसल, च्तांडवज के डायलॉग्स और सीन को लेकर दर्शकों ने नाराजगी जाहिर की है। वेब सीरीज के पहले एपिसोड में दिखाया गया है कि ऐक्टर जीशान अय्यूब यूनिवर्सिटी के फंक्शन में भगवान शिव के वेश में दिखाई दे रहे हैं। च्तांडवज के इस सीन लेकर लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए आपत्ति जताई है। ट्विटर पर बहुत से लोग से भगवान शिव का इस तरह से रूप दिखाने और भगवान राम के बारे में टिप्पणी करने पर गुस्सा निकाल रहे हैं।

# तमाशा का सेट, मीना कुमारी का दीदार और प्यार के दर्द में मुग़ले आज़म का महल, ये थे कमाल अमरोही जिनके एक-एक अल्फ़ाज़ पाकीज़ा हो गए

फिल्मों में उनके लिखे एक-एक अल्फ़ाज़ पाकीज़ा हो गए। सेल्युलाइड पर लिखी कविता की तरह थे कमाल अमरोही। कमाल अमरोही ने जब फिल्मों के डायलॉग लिखे तो मुग़ले आज़म हो गए। जब फिल्म की कहानी लिखी तो कामयाबी का च्महलज खड़ा कर दिया। फिल्म को डायरेक्ट किया तो दिले नादान के आंसू बन गए। एक ऐसे फनकार जिन्होंने फिल्मों को सबकुछ दिया। कमाल साहब से पहले राइटर को मुंशी कहा जाता था। उन्होंने ये इतिहास पलट दिया। हिंदी सिनेमा के कमाल थे अमरोही साहब।उत्तर प्रदेश के अमरोहा के कमाल। बॉलीवुड की ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी के कमाल। चलते - चलते यूं ही कोई मिल गया था.. सरे राह चलते चलते। वहीं थम के रह गई है मेरी रात ढलते ढलते। अमरोही के कमाल ने मीना कुमारी को उनकी ओर खींच लिया। लेकिन इश्क की ये कहानी तड़पने लगी। इतनी जल्दी कि किसी को अंदाजा नहीं था। अजीब दास्तां है ये.. कहां शुरू कहां खतम..ये मंजिले हैं कौन सी न वो समझ सके न हम। कुछ यही कहानी बनी दोनों के प्यार की। फन के खास मुकाम तक पहुंचे फनकारों के साथ कई कहानियां बनी। जमाने ने कमाल पर कई आरोप लगाए। कमाल अमरोही से मीना कुमारी की पहली मुलाकात तमाशा के सेट पर हुई थी। तब वो अनारकली के लिए एक्ट्रेस तलाश रहे थे। पहली ही मुलाकात में अमरोही ने दोगुनी रकम देकर मीना कुमारी को साइन करा लिया। कमाल अमरोही की उम्र मीना कुमारी से कहीं अधिक थी।



इसी दौरान महाबलेश्वर से लौटते वक्त मीना कुमारी हादसे का शिकार हो गईं। तब दोनों के बीच शायराना अंदाज में खतों का आदान प्रदान हुआ। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। तब कमाल अमरोही के पहली पत्नी से तीन बच्चे भी थे। कमाल अमरोही के फिल्मी दुनिया में दाखिल होने की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं। वो अमरोहा के जमींदार परिवार से ताल्लुक रखते थे। तब उनका नाम सैयद अमीर हैदर हुआ करता था। एक दिन उनके भाई ने उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। उसी रात उन्होंने अमरोहा छोड़ दिया। लाहौर चले गए। वहां मन नहीं लगा और वो कोलकाता आ गए। फिर मुंबई। लाहौर में उनकी मुलाकात केएल सहगल से हुई। मिनर्वा के मालिक सोहराब मोदी से उन्होंने कमाल को मिलवाया। सोहराब की फिल्म पुकार सुपरहिट रही। कमाल ने ही कहानी लिखी थी। फिर तो सिलसिला शुरू हो गया। महल की सफलता ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिर कमाल ने अपनी कंपनी खोली। कमाल पिक्चर्स। इसी बैनर तले मीना कुमारी के साथ फिल्म दायरा बनाई। उस वक्त महबूब खान अपनी फिल्म अमर बना रहे थे। मधुबाला से पहले मीना कुमारी को ही उन्होंने साइन किया था। अमर को मना करने पर मीना कुमारी को उनके अब्बा ने घर से निकाल दिया। वो सीधे कमाल के पास आ गईं। चांदनी रात बड़ी देर के बाद आई है.. ये मुलाकात बड़ी देर के बाद आई है.. आज की रात वो आए हैं बड़ी देर के बाद.. आज की रात बड़ी देर के बाद आई है... वो रात मीना कुमारी की जिंदगी की सबसे हसीन रात थी। इसी खुशमिजाजी के साथ दायरा की शूटिंग शुरू हुई। इसके बाद मुगले आजम की शूटिंग शुरू हुई। शुरू में सिर्फ वजाहत मिर्जा इसकी कहानी लिख रहे थे। फिर के आसिफ ने कमाल की तरफ रुख किया। सलीम और अनारकली के डायलॉग सदा सदा के लिए लोगों के जेहन में धंस गए।1958 में मुगले आजम की शूटिंग के दौरान कमाल और मीना के रिश्ते बेहद खराब हो गए। शूटिंग पर ब्रेक लग गया। दोनों के बीच क्या हुआ उसका सच कोई नहीं बता सकता। उस समय की सुर्खियों के मुताबिक मीना की सफलता से कमाल जल रहे थे। वो उन पर हक़ जताना चाहते थे। रिश्तों में कड़वाहट कम करना मुश्किल था। उधर लगातार शराब पीने से मीना कुमारी को कैंसर हो चुका था। 1964 में गईं तो 1970 में लौटीं।

सुनील दत्त और खैयाम ने उन्हें फिल्म के लिए फिर से तैयार किया। कमाल के साथ पाकीजा के सेट पर वो काम कर रही थीं।चार फरवरी 1972 को पाकीजा पर्दे पर थी और मीना अस्पताल में मौत का इंतजार कर रही थी।

31 मार्च को उन्होंने दम तोड़ दिया। कमाल अमरोही तनहा हो गए। दस साल लगे उन्हें सदमे से निकलने में। फिर रजिया सुल्तान आई। ये बॉक्स ऑफिस पर पिट गई और कमाल बुरी तरह टूट गए। 11 फरवरी 1993 को इस अज़ीम फनकार ने दुनिया को अलविदा कह दिया।

## वन-टू-वन

### 'कैलाशवासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा संचालित कोविड-19 पर 1023 लोगों को लगाई गई वैक्सीन'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

(वैक्सीन लगवाने के लिए युवा और महिलाओं का उमड़ रहा है जनसैलाब
नागरिक गण धैर्य बनाए रखें सभी को लगाई जाएगी वैक्सीन रमेश दुबे)

भिंड(ब्यूरो)। सेवा संगठन अभियान के तहत भिंड शहर के व्यापार मंडल धर्मशाला परिसर में कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा संचालित कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर पर 1023 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। सेक्टर संयोजक रमेश दुबे ने सम्माननीय नागरिक गणों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें सभी को वैक्सीन लगाई जाएगी ।उन्होंने कहा कि महिला और युवाओं और बुजुर्गों , हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हम सबके जन रक्षक बनकर इस संकट की घड़ी से बाहर निकालने जागृत किया है हम स्वच्छता से वैक्सीन सेंटर पर आकर परिवार सहित टीकाकरण अभियान में शामिल हो रहे हैं । कैलाश वासी माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के तहत 31 अप्रैल से प्रारंभ होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग भाग लेकर आगे बढ़ रहे हैं कई हजार लोगों का इस सेंटर पर टीकाकरण अभियान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और निरंतर भी जारी है । भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश दुबे ने लगवाने आए सर्व समाज के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा इस संकट की घड़ी में आप सबकी जनभागीदारी भी सुनिश्चित है सभी लोग आगे बढ़कर प्रभावी संख्या में टीकाकरण करवाने के लिए उन्हें जागृत किया । भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सेंटर संयोजक रमेश दुबे ने कहा की अभियान में भिंड जिले के सर्व समाज की जनता युवा 18 वर्ष की आयु के लोक काफी संख्या में वैक्सीन करवाकर भिंड को एक कोरोनावायरस मुक्त बनाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं सुबह से शाम तक निर्धारित सेंटर खुलने और बंद होने तक पार्टी के कार्यकर्ता अपनी कर्तव्यनिष्ठा का पालन करते हुए लोगों की जन सेवा में जुटे हैं । भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुबे ने कहा कि केन्द्र पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा और उनकी टीम जो टीकाकरण अभियान में जुटी है उसके लिए भी उन्होंने धन्यवाद कर्मचारियों के प्रति जताया आप सबकी मुख्य भूमिका के साथ भिंड जिले को कोविड-19 से मुक्त बनाएंगे ताकि कोई भी ऐसा व्यक्ति बिना वैक्सिंग लगवाए ना रह जाए इसकी हम सबको चिंता करनी है । भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दुबे ने कहा कि कांग्रेस द्वारा वैक्सीन को लेकर झूठी भ्रांतियां फैलाई जा रही थी जिस पर जनता पर कोई असर नहीं पड़ा दिन प्रतिदिन कोविड-19 सेक्टरों पर जनसैलाब उमड़ रहा है महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर टीकाकरण अभियान में शामिल होकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के प्रति सहानुभूति दिखाई। इस अवसर पर एडवोकेट रामदास सोनी, डॉ तरुण शर्मा, कुलदीप सिंह कुशवाह ,उदय वीर सिंह कुशवाह राजीव दीक्षित,भूरे गुरभेले, लटूरी प्रसाद शर्मा, छोटन तोमर, दिलीप बोहरे , कुलदीप सिंह कुशवाह, उदयवीर सिंह कुशवाह प्रमुख रूप शामिल शामिल है।

### राजस्थान में अनुसूचित जाति पर हो रह गंभीर मामलों को लेकर अनुसूचित जाति मोर्चा के बैनर तले आज जिला कलेक्टर पाली को देंगे राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**पुष्पांजली टुडे**

पाली/ राजस्थान में अनुसूचित जाति पर हो रह गंभीर मामलों को लेकर अनुसूचित जाति मोर्चा के बैनर तले आज जिला कलेक्टर पाली को देंगे राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जायेगा यह ज्ञापन भाजपा जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार एवं एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेन्द्र मेघवंशी के नेतृत्व में दिया जायेगा और विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। अभी कुछ दिनों पहले झालावाड़ के झालरापाटन में भी कृष्ण वाल्मीकि को भी कुछ समुदाय विशेष के लोगों ने सरेआम मार मारकर मौत के घाट उतार दिया। और राजस्थान में जगह जगह अनुसूचित जाति पर हो रह अत्याचारों को राजस्थान सरकार तरह के कृत रोकने में विफल हो रही है, गृहमन्त्री स्वयं राज्य के मुख्यामंत्री अशोक गहलोत बनकर बैठे है, अपराध और अपराधियों पर लगाम नही लगाई जा रही है। इस ज्ञापन में जिले के सांसद ,विधायकगण जन प्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### 'जागृति पार्क में आयोजित हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम कलेक्टर भी हुये शामिल'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

कटनी। पर्यावरण संधारण समिति एवं जागृति संस्था तथा भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ कटनी तत्वाधान में वृक्षारोपण संरक्षण जन जागरूकता माह के अंतर्गत शनिवार को जागृति पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभिन्न दलों के रोवर रेंजर स्काउट गाइड छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्काउट गाइड रोवर रेंजर प्रतिवर्ष जागृति पार्क में पौधों का रोपण करते हैं, एवं संरक्षण करने हेतू समय समय पर पस्थित होकर पौधों का संरक्षण करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। स्काउट गाइड रोवर रेंजर के उत्कृष्ट कार्य पर कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर को बधाई दी। उन्होने कहा कि इस पुनीत कार्य में अपना समय दे रहे हैं और पौधों को संरक्षण कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से पर्यावरण संधारण समिति के सदस्य जागृति संस्था उमा निगम सहित कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र गुप्ता, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, जाकिर हुसैन, अनिल नेमा, डीएस लोधी, डॉ. चित्र प्रभात, डॉ. वंदना गुप्ता, कमल लहरिया, अतुल जैन, अनिल नेमा, सुमित जैन, रितेश सेठी, मनीष गई, अजय श्रीवास्तव, डीटीसी गाइड सायरा बानो, डीटीसी स्काउट त्रिलोक डेहरिया सहित स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महंगाई के विरोध में किसान यूनियन का केंद्र सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन

## धरतीपुत्र किसानों के साथ खिलवाड़ करने वाली सरकार का पतन होगा

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली । भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजाराम मील के निर्देशानुसार पाली जिला मुख्यालय पर पाली जिला अध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा पिछले 7 सालों में पेट्रोल, डीजल, गैस के साथ खाद्य सामग्री में भारी बढ़ोतरी कर महंगाई बढ़ाने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर पाली के मार्फत भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय को किसानों के साथ ज्ञापन दिया गया।

धरना स्थल पर किसानों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने कहा कि 7 साल पहले डीजल 52 रूपये और पेट्रोल 62 रूपये थे। लेकिन केन्द्र की भाजपा शासनकाल में भयंकर बढ़ोतरी कर आज पेट्रोल 106 रू. और डीजल 100 रू. से ज्यादा कर आम जनता के साथ-साथ गरीब, मजदूर, किसान की कमर तोड़ दी है। डीजल के दामों में वृद्धि करने से किसानों को खेती करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद्य सामग्री में खाद्य तेल 200 रू. के बाहर चला गया व अन्य सामान में भी भारी बढोतरी हुई है ।और अब डीजल-पेट्रोल महंगा होने से माल ढोने का भाड़ा में बढ़ोतरी होने पर और अधिक जनता को भार झेलना पड़ेगा जो जनता को अब सहन नहीं होगा । देश में अजारकता का महौल बन चुका है। जनता हाय-तौबा कर रही है और देश की भाजपा सरकार की मनमानी से प्रतिदिन भागों में बढ़ोतरी की जा रही हैं। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पीराराम पटेल राणा ने कहा कि जिस किसी सरकार ने किसानों के साथ खिलवाड़ किया है, उस सरकार का पतन हुआ है। सरकार धरती पुत्र की अनदेखी कर रही है,। बिना किसानों की मांग 3 काले कानून थौंपे गए, जिससे किसान दुखी है ।पिछले 7 माह से दिल्ली में आन्दोलन कर रहा है। 500 से ज्यादा किसानों की शहादत हो चुकी है। लेकिन सरकार अभी तक धरती पुत्र किसानों की किसी बात पर सुनवाई नहीं कर रही है, जो देश के



किसानों के लिए दुर्भाग्य है। डीजल की भारी बढ़ोतरी के कारण मध्यम और गरीब वर्ग का किसान इस समय खेती नहीं कर पा रहा है। डीजल की बढ़ोतरी के कारण किसान के लिए रबी और खरीफ की फसल की बुवाई करने के लिए पहाड़ सा संकट खड़ा हुआ। इस असवर पर उपाध्यक्ष जवाहरलाल जाट, प्रदेश सचिव महेन्द्र हिन्दूजा चौधरी, विजय पुनिया, ब्लॉक अध्यक्ष तेजसिंह सुमेरपुर, मंगलाराम भिण्डर, चौधरी नोरतन प्रकाश मारवाड़, प्रेमसिंह मेड़तिया, लालाराम चौधरी बांता, भोपाल खां पादरली, घीसाराम बाडसा, रणछोड़ पटेल, मदनसिंह नाडोल, दीपक शर्मा, सुरेश आदिवाल देसुरी, सादड़ी नगर अध्यक्ष जगाराम जाट, पुनाराम विश्नोई, रणछोड़ पटेल, मांगूसिंह दूदावत, मिश्रीलाल मेघवाल रायपुर, मांगीलाल सीरवी खरोकड़ा, गोविन्द बंजारा राउनगर, उप प्रधान नारायणलाल मेघवाल मणिहारी आदि ने सम्बोधित करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार देश की जनता के साथ अहित कर रही है, जिसे अब किसान बर्दाश्त नही करेगा। कॉपरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। आने वाले समय में भारतीय किसान यूनियन प्रत्येक ब्लॉक तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत पर अपना विरोध दर्ज कराएगी ।

इस अवसर पर पाली जिले के किसान नेता सदाराम विश्नोई, मनोहर गिला, बाबुलाल सुखाड़िया, नरसिंहराम पटेल, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गाराम पटेल, मोहनसिंह हेमावास, दिलीपसिंह रावलवास, जब्बरसिंह राजपूत, रफीक चौहान, पार्षद जमील खां सोजत, किस्तूरराम सीरवी, काला पीपल की ढाणी, चेतनराम भदाला, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नारायण वागोरा, अमराराम, केराराम विश्नोई, मो. इन्साफ घोसी, मुकेश चौधरी, वेलाराम, केवलराम, पिंटू ढाका मण्डवास मूलाराम मगाराम, महेन्द्र दिवान्दी, प्रकाश दिवान्दी, मदनलाल गुर्जर, गीगाराम पटेल, पारसनाथ रावल सहित अनेक किसान संगठन के पदाधिकारी व धरतीपुत्र सैंकड़ों की तादाद में उपस्थित थे। धरने के पश्चात् केन्द्र की भाजपा सरकार के विरूद्ध जबरदस्त नारेबाजी कर प्रर्दशन किया तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया ।

## 'कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया'



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)।भोपाल बी एच ई एल के पास आरएसएस को जमीन आवंटन की गई है उसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी पर वाटर कैनन और लाठीचार्ज के विरोध में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और उनकी सरकार का पुतला दहन भिंड के ह्रदय स्थल परेड चौराहे पर नगर कांग्रेस के कार्यकारी नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार की इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क पर आंदोलन करती रहेगी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह कांग्रेस से डर कर पुलिस को आगे करते हैं नगर कांग्रेस भिंड पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर हुई पुलिस कार्रवाई की निंदा करती है पुतला दहन करने वालों में विशेष रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ राधेश्याम शर्मा नगर के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, सतपाल अगरैया,अनीस कुरैशी, राहुल कुशवाह, अजय जैन, इमरान खान, कमलेश जाटव, विनोद जाटव, ऋतु जैन, शिवांशशर्मा, थारू चौहान, विक्की राजावत, अंकित तोमर, दीपू दुबे, जगत नारायणशर्मा, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, पिंटू शर्मा, राजवीर खन्ना, गोविंद शाक्य,अंकित दुबे,आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

## 'पुरुषों के निर्णय से महिलाएं हुई अभिभूत'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

खरगोन। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी. दूर बैड़िया की महिलाएं आज अपने आप को अभिभूत होकर सम्मानित महसूस कर रही है। बैड़िया में शनिवार को कोविड-19 के टीकाकरण के लिए बैड़िया में दो सत्र लगाए गए है। एक सत्र पर सिर्फ महिलाएं ही टीका लगवाएगी तो दूसरे पर महिला-पुरुष दोनों। इतना ही नही जिस सत्र पर ज्यादा डोज लगनी है वहाँ महिलाओं को प्राथमिकता दी है। स्वास्थ्य के प्रति ग्राम पंचायत ने जिस तरह महिलाओं का सम्मान करते हुए निर्णय लिया। यह महिलाओं के लिए गौरव की बात है। वहीं एक तरफ पुरुष भी इस फैसले से काफी खुश दिखाई दे रहे है। दरअसल बैड़िया ग्राम पंचायत में शनिवार



को तय किया कि एक केन्द्र पर सिर्फ महिलाओं को ही टीका लगवाने के लिए प्रेंरित करें और वहां सिर्फ महिलाए ही टीका लगवाए। महिलाओं ने भी पुरुषों की इस चिंता को समझा और बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। गांव की महिला किरण पटेल ने बताया कि गांव के पुरुषों ने गांव की माता बहनों को सम्मानित होने जैसा महसूस कर रही है। मैं पुरुषों का आभार व्यक्त करती हूं।

बैड़िया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आयोजित सत्र से प्राप्त जानकारी अनुसार 4 बजे तक 363 महिलाओं ने टीका लगवाया है। जबकि यहाँ इस केंद्र का लक्ष्य 500 का निर्धारित किया है। इस तरह मंडलेश्वर के गर्ल्स हायर सेकेंडरी में बनाये गए केंद्र पर भी समय से नागरिको ने कतार में लगकर लक्ष्य से अधिक टीका लगवाया है। यहां 450 के लक्ष्य को पूरा करते हुए 490 टीके लगवाए है। कोविड-19 टीकाकरण को लेकर अब जिले के सभी क्षेत्रों में धीरे-धीरे ही सही मगर जागरूकता बढ़ने लगी है। अब न सिर्फ शहरी क्षेत्रों में बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों खासकर आदीवासी बाहूल्य क्षेत्रों में भी जागरूकता नजर आ रही है। शनिवार को झिरन्या जनपद के सपाटीया गांव में भी टीकाकरण केन्द्र बनाया गया था। यहां ग्रामीणों के लिए छांव, पानी और बैठने के समूचित स्थान की व्यवस्था की गई थी। यहां 250 टीकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जो दोपहर 2 बजे तक ही पूर्ण हो गया।



## हरियालो राजस्थान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने 101 वृक्ष लगाने का लिया संकल्प

**पुष्पांजली टुडे**

पाली/पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत रुपावास में भारतीय जनता पार्टी के नेता आजना पटेल समाज के युवा समाजसेवी हरि भाई पटेल के नेतृत्व में हरियालो राजस्थान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संकल्प पूरा करने के लिए 101 वृक्ष लगाने का लिया संकल्प भाजपा नेता हरि भाई पटेल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक स्थल सार्वजनिक स्थल आदि जगहों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। वृक्षारोपण करके प्रत्येक वृक्ष की देखभाल करने की जिम्मेदारी हर एक आमजन को दी जाएगी।जिले के पाली ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों में हरियालो राजस्थान के तहत अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

# नेशनल लोक अदालत का कार्यक्रम सम्पन्न जिले में सबसे अधिक 101 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**बृजपाल सिंह गुर्जर संवाददाता**

पुष्पांजली टुडे

मेहगांव / राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के पत्र क्रमांक 20/नेशनल लोक अदालत /राविसेप्रा/1062/2021 जबलपुर दिनांक 14/6/2021 के निर्देशानुसार एवं अक्षय कुमार द्ववेदी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एवं अशोक गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव जिला भिंड म0प्र0 के द्वारा न्यायिक तहसील मेहगांव में 10 जुलाई 2021 को नेशनल लोक अदालत का प्रातः काल 10:30बजे शुभारंभ किया गया जिसमें अशोक कुमार गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फूलो से सुसज्जित



कर माला को माँ सरस्वती पर अर्पण कर उक्त नेशनल लोक अदालत भव्य शुभारंभ किया गया उसी क्रम में मेहगांव न्यायालय के न्यायाधीश गण राकेश कुमार कुशवाह सन्ध्या गर्ग मुकेश कुमार कोरी एवं अभिभाषक गण अध्यक्ष सुरेश शर्मा सचिव अजमेर सिंह नरवरिया सह सचिव दिलीप चौधरी एवं अधिवक्ता गण न्यायलय कर्मचारी गण उपस्थित रहे उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से गठित खण्डपीठ क्रमांक क्रमशः15,16,17,एवं18, अशोक गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेहगांव एवं न्यायाधीशगण राकेश कुमार कुशवाह,सँध्या गर्ग एवं मुकेश कुमार कोरी मेहगांव द्वारा 78,न्यायिक एवं22 प्रिलिटिगेशन कुल 101 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत कर पक्षकारों क्षायादार एवं फलदार बृक्ष वितरित किये।

# अपनी वारी आने पर टीकाकरण जरुर करवाएँ:पत्रकार उमाकान्त शर्मा

## टीकाकरण के बारे में गलतफ़हमी ना पालें'

**पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। कोविड-19 के टीकाकरण के बारे में अज्ञानता और अफ़वाहों के चलते ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर लोग टीका लगवाने से कतरा रहे है।टीकाकरण के बारे में अफवाहों पर ध्यान ना दें।बल्कि अपनी बारी आने पर टीका जरूर लगवायें।टीकाकरण के दौरान ये बात भिण्ड संबाददाता उमाकान्त शर्मा ने कही।

आज हम इतिहास का सबसे बड़ा सामूहिक टीकाकरण अभियान देख रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों को टीका लगाया जा रहा है। अभी तक कहीं से ऐसी कोई दुर्लभ घटना सामने नहीं आई कि टीका लगाने के बाद दुष्परिणाम देखा गया हो।

कुछ लोग कोविड को गंभीरता से नहीं ले रहे इसे सामान्य बुखार ही समझते हैं। लोगों को यह समझने की जरूरत है कि कोविड भले कुछ मामलों में हल्का असर दिखा रहा हो, लेकिन जब वह गंभीर रूप ले लेता है, तो उससे जान भी जा सकती है, और हमने लाखों लोगों को जान गंवाते देखा है। कोविड से बचने का एक मात्र उपाय वैक्सीन है। भारत में उपलब्ध कोविड-19 वैक्सीनें पूरी तरह सुरक्षित है। सभी वैक्सीनों का परीक्षण किया गया है, जिसमें क्लीनिकल ट्रायल शामिल हैं। इन परीक्षणों को पूरी दुनिया में मान्यता प्राप्त है। जहां तक टीके के बुरे असर का सवाल है, तो सभी वैक्सीनों में हल्का-फुल्का असर पड़ता है। इसमें हल्का बुखार, थकान, सूई लगाने वाली जगह पर दर्ज आदि, जो पेरासिटामोल जैसी दर्द निवारक दवाई से एक-दो दिन में ठीक हो जाता है। टीकों का कोई गंभीर बुरा असर नहीं होता।

जब बच्चों को अलग-अलग बिमारियों के नियमित टीके दिये जाते हैं, तो उन्हें भी बुखार, सूजन आदि जैसे लक्षण होते ही है जो एक दो दिन में ठीक हो जाता है।

कोविड-19 टीकाकरण आपको कोविड-19 से बचाने में मदद करेगा। टीकाकरण करवाने के बाद आपको जो सामान्य संकेत हैं वो दर्शा रहे है कि आपका शरीर सुरक्षा आवरण का निर्माण कर रहा है। कुछ लोगों में कोविड-19 टीका लगने के बाद एलर्जी हो सकती है। यदि आपको कभी भी अन्य टीकों या इंजेक्शन से गंभीर एलर्जी हुई है तो आप टीकाकरण कराने से पहले अपने डॉक्टर से इस संदर्भ में बात करें।



कुछ लोगों को ये गलतफ़हमी भी है की वैक्सीन से नपुंसकता आ जाती है। पर ये बात कहीं साबित नहीं हुई है, नाही ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण अब तक सामने आया है कि कोविड-19 का टीका महिलाओं या पुरुषों में निस्संतानता का कारण बन सकता है।

वैक्सीन से कतराने वाले लोगों की दलील है कि जब टीका लगवाने पर भी लोग संक्रमित हो रहे हैं तो इसका क?या फायदा है। इस सवाल का सीधा जवाब है कि कोरोना वैक?सीन न लगवाने वाले गंभीर संक्रमण के शिकार हो सकते हैं, जबकि वैक?सीन लेने वाले इस तरह के गंभीर संक्रमण से बच सकते हैं। वैक?सीन से इस वायरस के संक्रमण को बढ़ने से रोका जा सकता है। कोई भी वैक?सीन इस वायरस पर सौ फीसदी कारगर नहीं है। पर कोरोना की क्षमता को कम करके शरीर को इसके प्रभाव से बचाया जरूर जा सकता है।

एक बार कोरोना संक्रमित होने के बाद भी वैक्सीन जरूर लें यदि वैक?सीन लेंगे तो शरीर में पहले से मौजूद एंटी बॉडीज को और अधिक ताकतवर बनाया जा सकता है। लेकिन यदि वैक?सीन नहीं ली तो गंभीर संक्रमण की चपेट में वापस आ सकते हैं।

कोविड टीका लगवाने के बाद कुछ लोगों में कोई बुरा असर नहीं दिखता तो इसका यह मतलब ये कतई नहीं है कि वैक्सीन असरदार नहीं है। सिर्फ 20 से 30 प्रतिशत लोगों को टीका लगवाने के बाद बुखार आ सकता है। कुछ लोगों को पहली डोज लेने के बाद बुखार आ जाता है और दूसरी डोज के बाद कुछ नहीं होता। इसी तरह कुछ लोगों को पहली डोज के बाद कुछ नहीं होता, लेकिन दूसरी डोज के बाद बुखार आ जाता है। यह व्यक्ति के शरीर के सिस्टम पर निर्भर करता है।

तथा कोविड-19 वैक्सीन से प्रजनन क्षमता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। किसी भी वैक्सीन में इस तरह का कोई बुरा असर नहीं होता। इस तरह का कुप्रचार लोगों में गलतफहमी पैदा करता है। वैक्सीन का मुख्य ध्येय शरीर को कोरोना वायरस से बचाना है, अपने परिवार और समाज को बचाना है। लिहाजा, सबको आगे बढ़कर टीका लगवाना चाहिये।

और एक बात की वैक्सीन की दोनों खुराकें लेने के बाद भी संक्रमण हो सकता है। लेकिन ऐसे मामलों में रोग निश्चित रूप से हल्का होगा और गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना लगभग नहीं होगी। सोचिए अगर 45 साल के ऊपर के लोगों को टीका न लगा होता, तब तो दूसरी लहर में मृत्यु दर की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अब दूसरी लहर समाप्ति की ओर है। इसका श्रेय टीकाकरण को ही जाता है।

बच्चों को भी संक्रमण हो सकता है, लेकिन वे गंभीर रूप से बीमार नहीं पड़ते। बहरहाल, बच्चों से वायरस दूसरों तक पहुंच सकता है। लिहाजा, बच्चों को भी टीका लगाया जाना चाहिये। तो वैक्सीन के विरुद्ध फैलाई जाने वाली भ्रामक अफ़वाहो से दूर रहें और जितना जल्दी हो सके पूरे परिवार सहित वैक्सीन लगवा लें ताकि इस महामारी से पूरा देश जल्दी निज़ात पा सकें।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया 36 घंटे में गिरफ्तार

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद। चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरतपुर वार्ड नंबर 17 में 9 जुलाई 2021 को सौतेले भाई द्वारा 11 वर्षीय बालक धर्मवीर उर्फ भोलू जाटव के सिर पर पत्थर मारकर हत्या कारित करने वाले आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव निवासी कीरतपुरा के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था। थाना मालनपुर और थाना गोहद चौराहा पुलिस के संयुक्त प्रयास से आरोपी चिंटू जाटव को 36 घण्टे में गिरफ्तार किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 09 जुलाई 2021 को गोहद चौराहा पुलिस को सूचना प्राप्त हुयी थी कि ग्राम कीरतपुरा में शासकीय स्कूल के पीछे खेत में एक बच्चे का शव पड़ा हुआ है जिसके सिर पर चोट के निशान होकर रक्त काफी मात्रा में निकला हुआ है। मृतक 11 वर्षीय बच्चा था जिसकी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर पत्थर मारकर हत्या कारित की गई थी। घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनोज कुमार सिंह द्वारा घटना के खुलासे के लिये महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये साथ ही अति0 पुलिस अधीक्षक भिण्ड कमलेश खरपुसे द्वारा प्रकरण की सूक्ष्मस्तर से मॉनीटरिंग की गई।अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद नरेन्द्र सोलंकी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण एवं मृतक के परिवारजनों से विस्तृत चर्चा करते यह पता चला कि फरियादिया श्यामवती पत्नी भगवानसिह जाटव के 11 वर्षीय धर्मवीर उर्फ भोलू जाटव की हत्या उसके दूसरे पति भगवान सिह जाटव के इकलौते पुत्र चिंटू उर्फ कमल किशोर जाटव निवासी कीरतपुरा ने की थी। घटना कारित करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। जिसकी सूचना भिण्ड पुलिस के समस्त थानों को दी गई थी। आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव के विरूद्ध थाना गोहद चौराहा पर हत्या का पंजीबद्ध किया गया।

### हत्या का कारण

मृतक की माता श्यामवती को अपने प्रथम पति सालिगराम जाटव से तीन संताने हुयी थी जिसमे उसकी एक पुत्री है। श्यामवती का दूसरा विवाह भगवान सिह जाटव से हुआ था। भगवान सिह जाटव को अपनी प्रथम पत्नी से एक संतान हुयी जिसका नाम चिंटू उर्फ कमल किशोर जाटव है। उपरोक्त समस्त लोग एक साथ एक ही घर में निवास करते थे। आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव हमेशा श्यामवती के बच्चो से रंजिश रखकर उनसे आये दिन लड़ाई झगड़ा कर गाली गलौज करता था तथा उसकी पुत्री पर गलत नीयत रखता था एवं उसकी शादी भी नही होने दे रहा था जिसका उसका भाई विरोध करता था । इसी कारण आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव ने 11 वर्षीय बालक धर्मवीर उर्फ भोलू जाटव की हत्या की थी थाना गोहद चौराहा और थाना मालनपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से आरोपी चिंटू उर्फ कमलकिशोर जाटव उम्र 19 वर्ष निवासी कीरतपुरा थाना गोहद चौराहा को मात्र 36 घण्टे मे गोहद रेलवे स्टेशन के पास से सुबह गिरफ्तार किया गया। जिसमे निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा थाना प्रभारी गोहद चौराहा, निरीक्षक विनोद सिह कुशवाह थाना प्रभारी मालनपुर, उ0नि0 आशीष यादव थाना गोहद चौराहा, प्र0आर, कमल यादव थाना मालनपुर, रामकुमार थाना गोहद चौराहा, आर0 आर. संदीप थाना मालनपुर, पंकज जादौन थाना गोहद चौराहा, पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनोज सिह द्वारा अपराध की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए एवं अपराध की पतारसी एवं आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पूर्व से इनाम उदघोषित किया गया है।

# सत्य भारती स्कूल धोलेरिया जागीर में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**पुष्पांजली टुडे**

पाली/रोहट सत्य भारती स्कूल धोलेरिया जागीर में शनिवार को प्रवेशोत्सव मनाया गया।

प्रधानाध्यापक ओमकार दान कविया ने बताया कि क्लस्टर कोऑर्डिनेटर महेंद्र सिंह गोदारा के निर्देशन में शनिवार को सत्य भारती स्कूल धोलेरिया जागीर में प्रवेशोत्सव मनाया गया जिसमें अध्यापक गण हेमलता चारण, कविता वैष्णव, भरत कुमार राणा व महेंद्र सिंह बैरवा ने घर घर जाकर लोगों को नए प्रवेश के लिए प्रेरित किया व अपने बालक बालिकाओं को सत्य भारती स्कूल धोलेरिया जागीर में प्रवेश कराने के लिए आग्रह किया और लोगों को विश्वास दिलाया कि वे इस कोरोना काल में भी बच्चों की पढ़ाई के लिए नियमित रूप से घर घर जाकर काम देना व ऑनलाइन पढ़ाई से बच्चों को जोड़ कर रखे हुए हैं इसके अलावा विद्यालय की सभी सुविधाओं से भी अवगत करवाया जैसे निःशुल्क यूनिफॉर्म, निःशुल्क स्टेशनरी इसके अलावा विद्यालय में कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता है और इसके अलावा ऑनलाइन गतिविधियां भी होती है जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता ब्रिक्स मैथ्स ,हेलो इंग्लिश निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है और अंग्रेजी विषय पर विशेष तौर से तैयारी करवाई जाती है।



ग्रामीणों ने भी विश्वास दिलाया कि वे अपने बच्चों का प्रवेश पास में स्थित सत्य भारतीय स्कूल में ही करवाएंगे।

# वाटसप गुरूप आईजी सेवा समिति चेन्नई द्वारा अस्पताल में भर्ती एक मरीज़ के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की



**पुष्पाजली टुडे , नारायणलाल सैणचा**

चैन्नई-दिलीप पुत्र गिरधारीलाल सीरवी गेहलोत धर्मपत्नी लक्ष्मीदेवी वर्तमान में विल्लीवाक्कम् चेन्नई मारवाड़ में करमावास मालियान हृदय में वॉल समस्या के चलते मद्रास मेडिकल मिशन अस्पताल एम एम एम में उपचार जारी है।दस साल पहले एक ऑपरेशन अब वर्तमान में इनको दुसरा ऑपरेशन की सख्त आवश्यकता है जिसका खर्च लगभग पॉच लाख के आसपास आयेगा ऐसा अस्पताल से बताया गया है।

परिवार की आर्थिक स्थिति इस समय बेहद कमजोर है, कोरोना वायरस महामारी व्यापार मन्दी के कारण परिवार के सदस्य नौकरी करके जैसे तैसे सामान्य जीवनयापन कर रहे हैं, परिवार ने सर्जरी हेतु यथासंभव अपनी ओर से एवं अपने अन्य परिचितों के माध्यम से लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का इंतजाम किया गया है ।शेष राशि श्री आईजी सेवा समिति द्वारा एक लाख इक्कीस हज़ार राशी का सहायता तत्काल प्रदान की गई ।श्री आईजी सेवा समिति के अध्यक्ष खेताराम गहलोत साहब मीडिया प्रभारी नारायण लाल सीरवी चोयल ओर सचिव नेमीचन्द चोयल एवं वरिष्ठ सदस्य मीडिया प्रतिनिधि कन्हैयालाल चोयल की मौजूदगी में दिलिप सीरवी गहलोत के छोटे भाई अशोक गहलोत सीरवी धर्मपत्नी ममता देवी एवं पुत्र विशाल सीरवी के हाथो अस्पताल में जाकर को उनके परिवार को यह राशि सपुर्द की गई।




# विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरता माह मनाया जाएगा'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल**। जिले में 11 जुलाई से 11 अगस्त 2021 तक जनसंख्या स्थिरता माह के रूप में जिला चिकित्सालय एवं जिले की समस्त सामु.स्वा.केन्द्रों पर निर्धारित सेवा प्रदाय दिवस पर चिन्हित हितग्राहियों की महिला नसबंदी एवं पुरूष नसंबंदी जाकर जनसंख्या स्थिरता माह मनाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस के अन्तर्गत 10 जुलाई तक योग लक्ष्य दम्पत्ति से घर - घर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से परिवार नियोजन के अस्थाई व स्थाई साधनों की जानकारी व परामर्श दिया जाकर चिन्हित हितग्राहियों की सूची बनाकर ब्लाक स्तर पर संधारण कर उक्त दोनों प्रकार की सेवायें सरलता से उपलब्ध कराई जाएंगी । समस्त संस्था प्रभारियो को निर्देश दिये गये है कि कोविड प्रोटोकाल का पालन भी सुनिश्चित हो। साथ ही प्रचार - प्रसार हेतु दीवार लेखन, लोकल चैनल, न्यूज चैनल, मास मीडिया, अन्य डिजिटल मंचों एवं व्यवहार परिवर्तन संचार के माध्यम से एवं एएनएम अपने टैब के माध्यम से वीडियो और आईईसी को हितग्राहियों तक पहुचाने अस्पताल में स्थापित टी.वी. के माध्यम से भी आने वाले हितग्राहियों को परिवार नियोजन के साधनो से अवगत कराना मुनादी, माईकिंग, बैनर पम्पलैट द्वारा अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुचना आदि कार्य किया जायेगा। 10 जुलाई तक लक्ष्य दंपत्तियों की सूची बनाई जायेगी ताकि चिन्हित हितग्राहियों परिवार नियोजन के साधन की उपलब्धता कराई जा सकें।

# अंकुर अभियान के तहत निकाली गई रथ यात्रा

**राकेश परिहार , पुष्पांजली टुडे**

पिछोर / अंकुर अभियान के तहत पिछोर नगर में रथ यात्रा निकाली गई जिसमें पिछोर एसडीएम महोदय जी श्री राजन बी नाडिया तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं समस्त विभागों के अधिकारी अंकुर अभियान में उपस्थित रहे रथ यात्रा पिछोर के प्रमुख मार्गो से होकर खोड़ के लिए रवाना की गई अंकुर अभियान के तहत लोगों से आग्रह किया की वृक्ष मानव जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है अगर वृक्ष नहीं है तो हमारा जीवन हर तरह से अधूरा है इसलिए वृक्ष अवश्य लगाएं और उनकी देखरेख अवश्य करें जिससे आगे चलकर मानव जीवन के लिए सदैव रक्षा मानव जीवन की रक्षा करेंगे पिछोर एसडीएम महोदय जी ने सभी लोगों से आग्रह किया और लोगों से कहा वृक्ष आप स्वयं लगा वह दूसरे लोगों को भी वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करें जिससे हमारी संस्कृति सभा के लिए बरकरार बनी रहे अंकुर अभियान के माध्यम से लोगों को अंकुर अभियान से जुड़ने और वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।



# ताम्बरमम् वेस्ट शाखा की न्ई कार्यकारिणी का गठन

**पुष्पाजली टुडे**

चैन्नई–तामिलनाडु पॉन ब्रोकर एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज के सानिध्य में सानिंध्य में जैन स्थानक ताम्बरमम् में एक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के अरविंद कुमार गुन्देचा, विनोद मेहता ,खेमचन्द बोहरा ,मनोहरलाल गांधी, रणजीत विनायकिया, को कार्यकारिणी चुना गया इस कार्यक्रम में स्वामी तेजानंद महाराज ने ताम्बरमम् संगठन के सदस्यों से बातचीत कर सबका हौसला बढाकर एकाग्रता से रहने की बात कही।



# जिले में स्मैक के कारोबार को रोकने के लिए कांग्रेस युवा नेता आशीष चौहान ने विधायक बाबू जंडेल को सौपा ज्ञापन

## जिले को स्मैक से मुक्त करवाने हेतू प्रदेश सरकार के खिलाफ मानसून सत्र में विधानसभा में प्रश्न उठाने बाबत



**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर शहर में इन दिनों जगह-जगह स्मैक बिक रही है। पुलिस स्मैक बेचने वालों को पकड़ने में पूरी तरह से नाकाम है। युवा नशे की गिरफ्त में होकर बर्बाद हो रहे हैं। नशा के लिए वह घर और बाहर चोरी कर रहे हैं। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर इस मामले को आप आने वाले विधानसभा सत्र में उठाएं। यह बात शनिवार को वार्ड 13 के लोगों ने विधायक बाबू जंडेल को ज्ञापन देते हुए कही।

वार्ड की पूर्व पार्षद श्वेता आशीष चौहान ने कहा कि शहर में स्मैक का नशा करने से कई परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। स्मैक बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पिछले कई सालों से समाजसेवी संगठन के अलावा शहरवासी रैली आदि निकालकर ज्ञापन दे चुके हैं। इतना ही नहीं कलेक्टर-एसपी को स्मैक बेचने वालों की सूची तक दे चुके हैं। इसके बाजवूद नशा का कारोबार नहीं थम रहा है। इसलिए इस बार मानसून सत्र में श्योपुर पुलिस की नाकामी को विधानसभा के माध्यम से सरकार और गृहमंत्री तक पहुंचाएं। जिससे आने वाली पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके।

## पाइप लाईन डालने से खराब हुई सड़कें ठीक नहीं कराईं तो होगी एफआईआर : कलेक्टर

### विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

**ग्वालियर ।** सड़कों को खराब करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए जल-जीवन मिशन के तहत ग्रामीण अंचल में पाइप लाईन डालने से क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों को साथ-साथ में मूलरूप में लाया जाए, जिससे ग्रामीणों को बेवजह परेशानी न उठानी पड़े। यदि सड़कें दुरूस्त नहीं कराई गईं तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री व उपयंत्री सहित संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। यह बात कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हर योजना में सड़कों की मरम्मत कराने का स्पष्ट प्रावधान होता है। रविवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर श्री सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल ने विभागीय अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। इस बैठक के माध्यम से ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला-बाल विकास, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा व जनजाति कल्याण सहित अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई । बैठक में जिला पंचायत के अतिरक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. विजय दुबे सहित संबंधित विभागों के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने लोक सवास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को साफ तौर पर ताकीद किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप जल-जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल की टोंटी से पानी पहुँचाएं। इस काम में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी पाइप लाईन डालने के लिए सड़कों की खुदाई की गई है उनकी मरम्मत कर मूल रूप में लाया जाए। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिला स्तर से दल बनाकर सर्वे कराएं कि किस-किस गाँव में पाइप लाईन डालने से सीसी रोड़ खराब हुई हैं और समयबद्ध कार्यक्रम के तहत इन सड़कों की मरम्मत कराएँ।

### मनरेगा के काम ऐसे हों जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिले

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की विकासखण्ड व ग्राम पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने कहा अधूरे काम पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरे कराए जाएँ। साथ ही इस बात का ध्यान रहे कि इन कार्यों से हर स्थानीय जरूरतमंद को अपने गाँव के समीप ही रोजगार मिले। यदि कहीं से रोजगार न मिलने की शिकायत आई तो संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जवाबदेह होंगे। उन्होंने ग्रेवल रोड़ के स्थान पर सीसी व बीटी रोड़ बनाने पर बल दिया। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अन्य विकास योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी की। श्री सिंह ने ग्राम राहुली के सामुदायिक भवन का निर्माण न शुरू होने पर नाराजगी जताई और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सहायक यंत्री को निर्देश दिए कि वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर जल्द ही यह काम शुरू कराएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### जिन नर्सिंग कॉलेज ने बैड की व्यवस्था नहीं की है उनकी मान्यता निरस्त करें

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जोर देकर कहा कि प्रावधान के अनुसार हर नर्सिंग कॉलेज में बैड व ऑक्सीजन इत्यादि का इंतजाम होना अनिवार्य है। जिन नर्सिंग कॉलेज द्वारा अभी तक बैड का इंतजाम नहीं किया गया है उनकी मान्यता तत्परता से निरस्त करें। साथ ही बगैर मान्यता के जो नर्सिंग कॉलेज अवैध भवन में चल रहे हैं, उनके भवन तोड़ने की कार्रवाई भी की जाए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि कोरोना की तीसरी लहर रोकने के लिए एहतियात बतौर हर नर्सिंग कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं के पुख्ता इंतजाम कराएँ। साथ ही राज्य शासन के निर्देशों के तहत सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भी माकूल इंतजाम मुकम्मल कराएँ।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल, बिजली व शौचालय की पुख्ता व्यवस्था पर जोर

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल, बिजली व शौचालय की पुख्ता व्यवस्था करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी में भी नल की टोंटी के जरिए पेयजल व शौचालय के लिए पानी की सप्लाई सुनिश्चित कराएँ। साथ ही हर आंगनबाड़ी केन्द्र में बिजली व शौचालय की व्यवस्था अनिवार्यत~ हो। श्री सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों की पूर्ति करने की कार्रवाई भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम के आंकड़ों में समानता होना चाहिए। जिससे हर गर्भवती व धात्री माता को आंगनबाड़ी सेवाओं व शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा हर गर्भवती महिला का प्रसव होने तक लगातार फोलोअप सुनिश्चित करें, जिससे सुरक्षित प्रसव हो और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।


# अबूझ मुहूर्त 18 जुलाई को, लक्ष्मी नारायण की पूजा से मिलेगा लाभ

### चार महीने बाद इसी दिन से शादियों की होगी शुरुआत

**ग्वालियर**

आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि 18 जुलाई को भड़ली नवमी है। जिसे अबूझ मुहूर्त मान कर इस तिथि में शादियां की जाती हैं। इसके बाद अगला अबूझ मुहूर्त देवउठनी एकादशी को होगा,जो कि 14 नवंबर को है। चार महीने बाद इसी दिन से शादियों की शुरुआत हो जाएगी।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 20 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू हो जाएगा, जो कि 14 नवंबर तक रहेगा। तकरीबन इन 4 महीनों के दौरान शुभ कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं रहेंगे। इसके बाद 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच में सूर्य धनु राशि में आ जाएगा। जिसे धनुर्मास कहते हैं। इस एक महीने के दौरान भी शुभ काम नहीं किए जाते हैं। इससे पहले कोरोना महामारी के चलते कई लोगों की शादियां रुक गई थी। इस महामारी के कारण विवाह और सभी शुभ कामों के लिए अबूझ मुहूर्त अक्षय तृतीया पर भी शुभ कार्य नहीं किए जा सके। इसलिए अब कई लोगों को अगले बड़े मुहूर्त यानी भड़ली नवमी का इंतजार है। भड़ली नवमी गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन मनाई जाती है।



**भड़ली नवमी की पूजा विधि:** शास्त्रों के अनुसार इस दिन लक्ष्मी-नारायण की पूजा और कथा की जाती है। भड़ली नवमी पर साधक को स्नान करके धुले कपड़े पहनकर मौन रहकर पूजा-अर्चना करनी चाहिए। अर्चना के दौरान भगवान को फूल, धूप, दीप और नैवेद्य चढ़ाना चाहिए। पूजा में बिल्व पत्र, हल्दी, कुमकुम या केसर से रंगे हुए चावल, पिस्ता, बादाम, काजू, लौंग, इलाइची, गुलाब या मोगरे का फूल, किशमिश, सिक्का आदि का प्रयोग करना चाहिए। अर्चना के बाद पूजा में प्रयोग हुई सामग्री को किसी ब्राह्मण या मंदिर में दान कर देना चाहिए।

# बच्चों के विवाद में चलीं गोलियां

### खेल-खेल में भिड़े बच्चे, समझाने पहुंचे घर के बड़े भी उलझ गए, फिके पत्थर, चलीं गोलियां, पुलिस भी 10 मिनट तक घिरी रही

**ग्वालियर**

ग्वालियर में खेल-खेल में भिड़े बच्चों को समझाने पहुंचे घर के बड़े भी उलझ गए। कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने थे और एक दूसरे पर पथराव व फायरिंग कर रहे थे। घटना सिरोल के बघेल मोहल्ला की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस भी 10 मिनट तक दोनों पक्षों से आ रहे पत्थरों के बीच घिरी रही। किसी तरह पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लिया। झगड़े में किसी के घायल नहीं होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर लिया है।

सिरोल के बघेल मोहल्ला निवासी हेमंत पुत्र भुजबल सिंह पाल के घर के पास ही पदम पाल का परिवार भी रहता है। दोपहर में पदम और हेमंत के बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। यहां खेलने के दौरान उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बड़ा तो दोनों के परिजन भी विवाद में उतर आए और मारपीट कर फायरिंग कर दी। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के सामने ही एक पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया। जिसमें तीन पुलिसकर्मी बीच में फंसकर रह गए। मामले का पता चलते ही दूसरे थानों से बल पहुंचा, तब कहीं दोनों पक्ष शांत हुए। पुलिस ने हेमंत की शिकायत पर सूरज, कालीचरण, रामलखन, मंटोली और नीरज के खिलाफ व दूसरे पक्ष से पदम की शिकायत पर रामप्रसाद, देशराज, साहब, छत्रपाल, कृष्णा और भुजबल के खिलाफ मारपीट, फायरिंग का मामला दर्ज किया है।




### समय पर नहीं पहुंचती पुलिस तो हो जाती बड़ी घटना

इस झगड़े में पुलिस सही समय पर पहुंच गई थी। यदि पुलिस कुछ देर और कर देती तो बघेल मोहल्ला में किसी न किसी की जान पर बन आती। क्योंकि दोनों पक्ष एक दूसरे की जान लेने पर उतर आए थे। फायरिंग और पथराव किया जा रहा था। खुद पुलिस काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच में घिरी रही।

**नशे और रफ्तार ने ली जान**

## घर के बाहर बैठी बच्ची को तेज रफ्तार कार ने रौंदा

### 10 साल का भाई गोद में लेकर दौड़ते हुए पहुंचा अस्पताल, नहीं बचा सका जान



**ग्वालियर।** शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है। नशे में धुत युवक ने घर के बाहर बैठी 3 साल की मासूम को पहियों के नीचे रौंद दिया है। इतना ही नहीं हादसे के बाद वह कार को लॉक कर भाग गया। मासूम को उसका 10 साल का भाई गोद में लेकर इलाज के लिए भागा। पहले एक निजी अस्पताल पहुंचा, लेकिन वहां डॉक्टर ने जवाब दे दिया। इसके बाद JAH पहुंचा, लेकिन वहां भी डॉक्टर ने कुछ प्रयास किया और बच्ची को मृत घोषित कर दिया। घटना निर्धन नगर की है। हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने कार में तोड़फोड़ कर दी। वह कार को आग लगाते उससे पहले ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभाला। पुलिस ने कार को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। इंदरगंज स्थित निर्धन नगर निवासी गिर्राज वाल्मीकि की 3 साल की बेटी काजल शनिवार रात घर के बाहर बैठी थी। अभी वह घर के बाहर टॉयलेट कर रही थी कि तभी मंगू चिकन शॉप की ओर से तेज रफ्तार में आई सफेद रंग की कार( MP07CG-9594) के चालक ने तेजी और लापरवाही से चलाते हुए मासूम काजल को कुचल दिया।










प्रशासन है मौन




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478